वर्ष -09, अंक -311, पृष्ठ- 8 मूल्य : 02 रूपये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया


# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , रविवार, 25 फरवरी, 2024
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### रेजीडेंसी अपार्टमेंट में लगी भीषण आग

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर की एक अपार्टमेंट इमारत में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 घायल हो गए।न्यूयॉर्क शहर की एक अपार्टमेंट इमारत में शुक्रवार को भीषण आग लगने से एक शख्स की मौत हो गई और 17 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है जिसमें से पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।अधिकारियों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बारह लोगों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिसमें से चार की हालत गंभीर है। अग्निशमन विभाग के प्रथम उपायुक्त जोसेफ फिफर ने कहा, ठएक व्यक्ति घटनास्थल पर ही बेहद गंभीर हालत में था, लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।अधिकारियों



ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बारह लोगों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिसमें से चार की हालत गंभीर है। अग्निशमन विभाग के प्रथम उपायुक्त जोसेफ फिफर ने कहा, एक व्यक्ति घटनास्थल पर ही बेहद गंभीर हालत में था, लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।न्यूयॉर्क शहर के अग्निशमन अधिकारियों ने दोपहर 2 बजे के तुरंत बाद प्रतिक्रिया दी। फिफर ने कहा कि आग हार्लेम में 2 सेंट निकोलस प्लेस में एक छह मंजिला आवासीय इमारत की तीसरी मंजिल पर लगी थी, जिससे आग की लपटें और भारी धुआं हॉलवे में फैल गया और ऊपर के निवासी निकलने में असमर्थ हो गए।

## श्रीअन्न ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाना है'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत मंडपम में सहकारी क्षेत्र के लिए कई प्रमुख पहलों के शुभारंभ में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मौजूद हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने 'ई-पैक्स बन रहा है। सहकार से समृद्धि का जो संकल्प देश ने लिया है, उसे साकार करने की दिशा में आज हम और आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही, उन्होंने कहा, इसके तहत देश के कोने-कोने में हजारों वेयर हाउस बनाए जाएंगे, हजारों गोदाम बनाए जाएंगे। आज 18




से अन्न भंडारण तक' कार्यक्रम में सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम में ई-पैक्स लॉन्च किया है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मौजूद हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत मंडपम विकसित भारत की अमृत यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि का साक्षी बन रहा है। पीएम मोदी ने महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि करोड़ों महिलाएं आज देश में डेयरी और कृषि से जुड़ी हैं।इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत मंडपम 'विकसित भारत' की अमृत यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि का साक्षी हजार उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी ने कहा, सहकार, जीवनयापन से जुड़ी एक सामान्य व्यवस्था को बड़ी औद्योगिक क्षमता में बदल सकता है। ये देश की अर्थव्यवस्था, खासकर ग्रामीण और कृषि से जुड़ी अर्थव्यवस्था के कायाकल्प का एक प्रमाणिक तरीका है।महिलाओं की प्राथमिकता पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज देश में भी डेयरी और कृषि में सहकार से किसान जुड़े हैं, उनमें करोड़ों की संख्या में महिलाएं ही हैं। महिलाओं के इसी सामर्थ्य को देखते हुए सरकार ने भी सहकार से जुड़ी नीतियों में उन्हें प्राथमिकता दी है।

## टीडीपी और जनसेना ने की विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीवारों की घोषणा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**अमरावती (आंध्र प्रदेश)।** टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू और



जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने शनिवार को आंध्र प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 118 उम्मीदवारों की अपनी पहली संयुक्त सूची की घोषणा की।टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने शनिवार को आंध्र प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 118 उम्मीदवारों की अपनी पहली संयुक्त सूची की घोषणा की। हालाँकि दोनों नेताओं ने कहा कि अगर भगवा पार्टी गठबंधन में शामिल होने का फैसला करती है तो भाजपा को समायोजित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सीटों का आवंटन किया गया है।पहली सूची के अनुसार, टीडीपी उम्मीदवार 94 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे, जबकि जनसेना 24 सीटों से चुनाव लड़ेगी।टीडीपी-जनसेना गठबंधन पर उंडावल्ली में अपने आंध्र प्रदेश आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा, यह संघ राज्य के भविष्य के लिए है। यह एक महान प्रयास के लिए पहला कदम है।

## बेलगावी में भीषण सड़क हादसा कार चालक की लापरवाही ने ली छह लोगों की जान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के बेलगावी से लगभग 90 किलोमीटर दूर दत्त जांबोटी रोड पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।दुर्घटनाग्रस्त कार के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया था और पास में खड़ी दो दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई और एक शख्स ने अस्पताल में इलाज के दौरान अपना दम तोड़ दिया। मुर्गोड पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पिछले तीन दिनों में 25 लोगों की मौत हो गई है।पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त कार के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया था और पास में खड़ी दो दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस दौरान पार्क किए गए वाहन के पास खड़े दो लोगों को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से एक, हनमंत मलप्पा माल्यागोल की अस्पताल में मृत्यु हो गई।समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, मृतकों की पहचान एकनाथ भीमप्पा पदतारी (22), मल्लिकार्जुन रामप्पा मराठे (16), आकाश रामप्पा मराठे (14), लक्ष्मी रामप्पा मराठे (19) और नागपा लक्ष्मण यादवन्नावर (48) के रूप में हुई है। मुर्गोड पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।बेलगावी जिले के पुलिस अधीक्षक भीमाशंकर गुलेड ने कहा कि पिछले तीन दिनों में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, तेज गति से वाहन चलाने से बचने और जीवन बचाने की अपील की।




## दिल्ली-हरियाणा समेत पांच राज्यों में कांग्रेस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन की आज संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इस संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच पांच राज्यों के लिए गठबंधन का एलान किया गया।2024 लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन की आज संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इस संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच पांच राज्यों के लिए गठबंधन का एलान किया गया। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सात लोकसभा सीटों और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही हरियाणा की 10 में से 9 पर कांग्रेस और एक सीट पर आप लड़ेगी।प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी चार सीटों पर लड़ेगी। इनमें नई दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली और ईस्ट दिल्ली शामिल है। इसके अलावा कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी, जिनमें चांदनी चौक, नॉर्थ ईस्ट और नॉर्थ वेस्ट सीट शामिल है।

## डीपी देखकर आया महिला व्यवसायी का ऊन्न् एंकर पर दिल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**हैदराबाद।** हैदराबाद में अपहरण का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां टीवी एंकर से शादी करने की कोशिश में एक महिला ने उसका अपहरण कर वुमन है, जो डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ी कंपनी चलाती हैं। पुलिस ने बताया कि दो साल पहले महिला ने टीवी एंकर की फोटो मैट्रिमोनी वेबसाइट पर देखी थी।इसके बाद महिला और खुद को टीवी एंकर



लिया। हालांकि, बाद में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।हैदराबाद में टीवी एंकर के अपहरण कराने के मामले में पुलिस ने एक बिजनेस वुमन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि टीवी एंकर से महिला शादी करना चाहती थी। इसलिए उसने किराए पर गुंडे हायर किए और उसके बाद महिला ने टीवी एंकर से शादी करने के लिए उसका अपहरण करा लिया। हालांकि बाद में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।समाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से बताया कि महिला एक बिजनेस बताने वाले शख्स के बीच बातचीत शुरू हुई। हालांकि, बाद में खुलासा हुआ कि जिस शख्स से महिला की बातचीत हो रही है, वह कोई टीवी एंकर नहीं है। बल्कि उसकी तस्वीरों का मैट्रिमोनी वेबसाइट पर गलत इस्तेमाल किया गया है और बातचीत करना वाला शख्स कोई दूसरा था।हालांकि, इन सबके बावजूद महिला ने मैसेजिंग ऐप के जरिए एंकर से संपर्क किया। टीवी एंकर ने बताया कि वह किसी अज्ञात शख्स से बात कर रही थीं, जिसने उनकी तस्वीर का गलत इस्तेमाल कर एक फर्जी अकाउंट बनाया है

## मदुरै के मंदिर में प्रसाद में बांटी जाती है मटन बिरयानी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** देश भर में ऐसे कई मंदिर है, जिसकी बनावट शैली, चमत्कारिक घटनाएं और प्रसाद होते हैं। इतना ही नहीं इस प्रसाद के लिए सैकड़ों बकरों की बलि भी दी जाती है।यह वार्षिक उत्सव दक्षिण तमिलनाडु में मनाया जाता



के कारण दुनिया भर में मशहूर होते हैं। उन्हीं में से एक तमिलनाडु के मदुरै जिले में तिरुमंगलम तालुक के वडक्कमपट्टी में स्थित एक मंदिर है। दरअसल, मदुरै जिले के मुनियांदी स्वामी मंदिर में त्योहार के बाद प्रसाद के रूप में बिरयानी परोसी जाती है।तमिलनाडु के मदुरै जिले में मुनियांदी स्वामी मंदिर में त्योहार के बाद प्रसाद के तौर पर मटन बिरयानी परोसी जाती है। यह परंपरा पिछले 83 सालों से चलती आ रही है और मटन बिरयानी प्रसाद लेने के लिए हजारों की संख्या में भक्त मंदिर में इकट्ठा है, क्योंकि लोग तमिलनाडु के क्षेत्रीय देवताओं, भगवान शिव और शक्ति के उपासक की पूजा करते हैं । इस मंदिर का नाम मूनियाननदी स्वामी मंदिर है, जहां साल में एक बार तीन दिनों के लिए एक वार्षिक महोत्सव मनाया जाता है। यहां भक्तों को प्रसाद के रूप में गरमा-गरम मटन बिरयानी परोसी जाती है।दरअसल, इस मंदिर में 83 साल पुरानी परंपरा का पालन किया जा रहा है। इस साल भी 24 जनवरी को यह त्योहार मनाया जा रहा है।

## ईडी ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत और उनकी बहू को किया तलब

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कॉर्बेट नेशनल पार्क के पाखरो रेंज घोटाला मामले में पूर्व वन मंत्री और कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत को तलब किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत और उनकी बहू अनुकृति को तलब किया बता दें कि केंद्रीय एजेंसी ने 7 फरवरी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर हरक सिंह रावत और अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की थी।एजेंसी ने छापेमारी के दौरान लगभग 1.20 करोड़ रुपये और विदेशी मुद्रा, सोना और बड़े पैमाने पर दस्तावेज जब्त किए थे। हालांकि, ने इसके संबंध में ज्यादा




है।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि हरक सिंह रावत और उनकी बहू अनुकृति को 29 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। बता दें कि केंद्रीय एजेंसी ने 7 फरवरी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर हरक सिंह रावत और अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की थी। उ-ने कॉर्बेट नेशनल पार्क के पाखरो रेंज घोटाला मामले में ये कार्रवाई की थी।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि हरक सिंह रावत और उनकी बहू अनुकृति को 29 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। जानकारी नहीं दी थी। ईडी ने पूर्व डीएफओ किशन चंद और पूर्व वन रेंज अधिकारी बृज बिहारी शर्मा के ठिकानों पर रेड की थी।बता दें कि हरक सिंह रावत पूर्व वन मंत्री हैं। उन्होंने साल 2022 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ दी थी और कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। ईडी ने कहा कि इस घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ जांच राज्य में दर्ज दो अलग-अलग एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी।केंद्रीय एजेंसी का आरोप है ।

## हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज फिर बर्फबारी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते दिल्ली के तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, शुक्रवार की सुबह दिल्ली में दिन का न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे रहा। अधिकतम तापमान भी सामान्य नीचे रहा। अधिकतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री कम दर्ज किया गया और वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रही। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को बादल साफ रहेंगे।पटना समेत प्रदेश में बीते दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही वर्षा शुक्रवार




से एक डिग्री कम दर्ज किया गया और वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रही।हाड़ों पर बर्फबारी के चलते दिल्ली के तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं शुक्रवार की सुबह दिल्ली में दिन का न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री से थम गई है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कमजोर पड़ने के बाद पटना समेत दक्षिणी भागों के अधिसंख्य हिस्सों में बादलों की आवाजाही तीन दिनों तक बनी रहेगी। अन्य भागों का मौसम आमतौर पर शुष्क बना रहेगा।

## तेलंगाना सरकार 27 फरवरी को दो चुनावी 'गारंटी' की शुरुआत करेगी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार कांग्रेस की दो की उपेक्षा'' करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री तेलंगाना के मुलुगु जिले के मेदाराम में आदिवासी उत्सव के दौरान देवी-देवताओं की पूजा-



चुनावी 'गारंटी' 27 फरवरी को लांच करेगी। इसमें 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति और गरीबों के लिए 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली आपूर्ति शामिल है। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहेंगी।रेड्डी ने राज्य में जारी 'समक्का सरक्का यात्रा' को राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मान्यता देने की मांग नहीं मानने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और तेलंगाना के प्रति ''भेदभाव एवं राज्य अर्चना करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे।रेड्डी ने राज्य में जारी 'समक्का सरक्का यात्रा' को राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मान्यता देने की मांग नहीं मानने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और तेलंगाना के प्रति ''भेदभाव एवं राज्य की उपेक्षा'' करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री तेलंगाना के मुलुगु जिले के मेदाराम में आदिवासी उत्सव के दौरान देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

## मैं माफी मांगती हूँ आप भरूच लोकसभा सीट मिलने पर मुमताज पटेल ने क्यों कहा ऐसा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**गुजरात की 26 लोकसभा सीटों को लेकर् गठबंधन के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। गुजरात की 24 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी, जबकि दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि, अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने गुजरात की एक सीट को दिए जाने पर प्रतिक्रिया दी है।गुजरात में घ्ढ्य् गठबंधन के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। कांग्रेस पार्टी 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और दो सीटों पर झ् चुनाव लड़ेगी। हालांकि भरूच लोकसभा सीट आम आदमी पार्टी को मिलने पर अहमद पटेल के परिवार ने नाराजगी जताई है। मुमताज पटेल और फैसल अहमद पटेल ने पार्टी के फैसले पर सवाल उठाए हैं।मुमताज पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर समर्थकों से माफी मांगी है। उन्होंने लिखा- गठबंधन में भरूच लोकसभा



सीट सुरक्षित नहीं कर पाने के लिए हमारे जिला कैडर से गहराई से माफी मांगती हूं। मैं आपकी निराशा साझा करती हूं, हम सब मिलकर कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए फिर से एकजुट होंगे। हम अहमद पटेल की 45 साल की विरासत को व्यर्थ नहीं जाने देंगे।'गुजरात की भरूच सीट आप को मिलने पर दिवंगत अहमद पटेल के बेटे फैसल अहमद पटेल ने भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी पार्टी के कार्यकर्ता खुश नहीं हैं और हम चाहते थे यह निर्णय नहीं लिया जाएगा, लेकिन अगर आलाकमान चाहेगा तो हम इसका पालन करेंगे।उन्होंने कहा कि मैं एक बार फिर से आलाकमान से बात करूंगा। अभी नामांकन दाखिल करने और चुनाव में काफी समय है। गांधी परिवार मेरा भी परिवार है। मेरा विश्वास है कि वे इस सीट से जुड़ी पटेल परिवार की भावनाओं को समझेंगे।

# अतीक अहमद का नाम अतीत हो गया, एक साल में मिट्टी में मिल गई सल्तनत, बिखर गया कुनबा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** देश और प्रदेश को दहला देने वाले उमेश पाल हत्याकांड के एक साल पूरे हो गए। पिछले वर्ष 24 फरवरी को ही इस सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया गया था। विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके दो गनर राघवेंद्र सिंह और संदीप निषाद की बम और गोली मारकर हत्या कर दी गई। 24 फरवरी यानी शनिवार को विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल और उसके दो अंगरक्षकों को गोली, बम से उड़ाने की घटना के एक वर्ष पूरे हो जाएंगे। यह महज एक गवाह और दो पुलिसकर्मियों का कत्ल नहीं था। सरेआम बम-गोलियां बरसाकर तीन बेगुनाहों की नृशंस हत्या के साथ ही लड़खड़ा रहे आतंक के साम्राज्य को फिर से खड़ा करने की साजिश भी थी। मकसद अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को यह बताना था कि अंजाम वही होगा, जो अरसे से होता आया है। सरकार ने इसे अपने इकबाल के लिए चुनौती माना और फिर जो हुआ, वह इतिहास बन गया। खौफ बना अतीक अहमद का नाम अतीत हो गया। जुर्म की सल्तनत तो ढही ही, कुनबा भी बिखर गया। उधर, दोस्त को इंसाफ दिलाने की लड़ाई






में जान गंवाने वाले उमेश पाल व उनके दो अंगरक्षकों को न्याय दिलाने की कार्रवाई एक साल में कहां तक पहुंची, इसकी पड़ताल इस विशेष कवरेज में...। प्रदेश भर की सनसनी बने उमेश पाल व उनके दो अंगरक्षकों की हत्या की वारदात को शनिवार को एक साल पूरे हो गए। इन 12 महीनों में पुलिस की ओर से की गई जांच पड़ताल में अब तक कुल 28 मुल्जिमों के नाम सामने आए हैं। इनमें से अतीक-अशरफ समेत सात मिट्टी में मिल चुके हैं, तो 10 सलाखों के पीछे हैं।

# अर्थदंड का उद्देश्य टैक्स से बचने वालों पर नियंत्रण करना है

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** वाहन रोके जाने के बाद इनवॉइस और ई-वे बिल प्रस्तुत करने से याची अर्थदंड की कार्रवाई से मुक्त नहीं हो सकता। पर नियंत्रण करना है। यह फैसला न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की कोर्ट ने सुनाया। मामले में अखिलेश ट्रेडर्स के परिवहित किए जा रहे माल को वाहन समेत जांच के लिए



आगे कहा कि अर्थदंड आरोपित करने का मुख्य उद्देश्य सरकार को टैक्स का भुगतान करने से बचने वालों पर नियंत्रण करना है। यह फैसला न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की कोर्ट ने सुनाया। वाहन रोके जाने के बाद इनवॉइस और ई-वे बिल प्रस्तुत करने से याची अर्थदंड की कार्रवाई से मुक्त नहीं हो सकता। आगे कहा कि अर्थदंड आरोपित करने का मुख्य उद्देश्य सरकार को टैक्स का भुगतान करने से बचने वालों जीएसटी विभाग के सचल दल यूनिट प्रयागराज ने रोका था, लेकिन उस समय ई-वे बिल और इनवॉइस मौजूद नहीं था। बाद में ई-वे बिल जनरेट करके इनवॉइस के साथ प्रस्तुत किया गया। वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 129 (3) के तहत जुर्माना लगाया गया। अपर आयुक्त ग्रेड-2 (अपील) के यहां अपील किया गया, लेकिन राहत नहीं मिली। इसके बाद हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई।

# उमेश पाल हत्याकांड को एक साल पूर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड की पहली बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सुलेमसराय में किया गया है। उमेश की पत्नी जया पाल की ओर से लगाए गए पोस्टर में उमेश पाल सहित मारे गए दोनों सिपाहियों संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह की भी फोटो है। देश और प्रदेश में भूचाल ला देने वाले उमेश पाल हत्याकांड को 24 फरवरी को एक साल पूरे हो जाएंगे। पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सुलेमसराय में किया गया है। इसके लिए शहर में पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें निवेदक के तौर पर उमेश की पत्नी जया पाल दो दर्शाया गया है। पोस्टर में दोनों पुलिसकर्मियों संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह की भी फोटो है, जो उमेश पाल को बचाने में शहीद हो गए थे। शहर के कई इलाकों में पोस्टर लगाकर लोगों से कमला गार्डन सुलेमसराय में पहुंचने की अपील की गई है।

# तीन बेगुनाहों के कत्ल के गुनाहगार, सात शूटर और 21 मददगार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** शनिवार को उमेश पाल हत्याकांड को एक वर्ष पूरे हो गए। सरेआम खूनी खेल खेलना माफिया अतीक अहमद को महंगा पड़ा। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए वीडियो को जिसने भी देखा वह दहशत में आ गया। सरकार ने इसे अपने लिए चुनौती माना और उसका पूरा साम्राज्य ही मिट्टी में मिला दिया। परिवार तहस नहस हो गया। विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल और के साथ ही लड़खड़ा रहे आतंक के साम्राज्य को फिर से खड़ा करने की साजिश भी थी। मकसद अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को यह बताना था कि अंजाम वही होगा, जो अरसे से होता आया है सरकार ने इसे अपने इकबाल के लिए चुनौती माना और फिर जो हुआ, वह इतिहास बन गया। खौफ बना अतीक अहमद का नाम अतीत हो गया। जुर्म की सल्तनत तो ढही ही, कुनबा भी




उसके दो अंगरक्षकों को गोली, बम से उड़ाने की घटना शनिवार को एक वर्ष पूरे हो जाएंगे। यह महज एक गवाह और दो पुलिसकर्मियों का कत्ल नहीं था। सरेआम बम-गोलियां बरसाकर तीन बेगुनाहों की नृशंस हत्या बिखर गया। उधर, दोस्त को इंसाफ दिलाने की लड़ाई में जान गंवाने वाले उमेश पाल व उनके दो अंगरक्षकों को न्याय दिलाने की कार्रवाई एक साल में कहां तक पहुंची, इसकी पड़ताल इस विशेष कवरेज में...।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में सुनवाई 29 फरवरी को

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** मथुरा में श्रीकृष्ण मामले में सुनवाई जारी है। बहस पूरी न होने से कोर्ट ने 29 फरवरी



जन्मभूमि विवाद के मामले में दूसरे दिन शुक्रवार को भी बहस पूरी नहीं हो सकी। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 29 फरवरी मुकर्रर की है। बृहस्पतिवार और शुक्रवार दोनों दिन मुस्लिम पक्ष के वकील ने ही अपना पक्ष रखा। इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद सुनवाई की तिथि तय की है। न्यायमूर्ति मयंक जैन की कोर्ट यह सुनवाई कर रही है। दिन भर चली सुनवाई में मस्जिद पक्ष की ओर से बहस की गई। बृहस्पतिवार को भी इसी मामले में सुनवाई हुई थी। कल बहस पूरी न हो पाने के कारण आज फिर सुनवाई हुई।

# प्रतियोगी छात्रों का एलान, जब तक परीक्षा निरस्त नहीं होगी तब तक नहीं हटेंगे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी



(आरओ/एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 दोबारा कराने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पर डटे प्रतियोगी छात्रों से शुक्रवार को वार्ता की हर कोशिशें बेकार रहीं। जगह-जगह से जुलूस की शक्ल में पहुंचे युवा देर रात तक वहीं डटे रहे। इनमें बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी शामिल रहीं। इस दौरान आयोग के उप सचिव व अन्य अफसर प्रतियोगियों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के लिए पहुंचे, लेकिन वह तैयार नहीं हुए। नाराज सैकड़ों अभ्यर्थी वार्ता के लिए अध्यक्ष को बुलाने की जिद करते रहे। प्रतियोगियों का कहना था कि जबतक परीक्षा निरस्त करने का आदेश जारी नहीं किया जाएगा, तब तक नहीं हटेंगे। पेपर आउट होने का आरोप लगाते हुए प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को आयोग के गेट संख्या दो पर प्रतियोगियों का सुबह से ही पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। धीरे-धीरे आयोग के सामने वाली सड़क पर प्रतियोगियों का पूरी तरह से कब्जा हो गया। प्रतियोगियों की संख्या का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि गेट नंबर दो और तीन के बीच का स्थान पूरी तरह से भरा हुआ था। इसके अलावा बड़ी संख्या में प्रतियोगी समूह बनाकर आसपास खड़े थे। सैकड़ों प्रतियोगी सड़क पर ही बैठ गए तो बड़ी संख्या में छात्र खड़े रहे।

# दो मार्च को प्रयागराज आ सकते हैं पीएम मोदी, श्रृंगवेरपुर में निषादराज की प्रतिमा का होगा अनावरण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी दो मार्च को प्रयागराज आ सकते हैं। श्रृंगवेरपुर में युद्धस्तर पर चल रहे निषादराज पार्क में स्थापित निषादराज और भगवान राम की प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम प्रस्तावति है। संभावना जाहिर की जा रही है कि दो मार्च को पीएम मोदी संगमनगरी आ सकते हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयागराज आने का कार्यक्रम बन रहा है। पीएम मोदी यहां अगले माह दो मार्च को ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेड कॉरिडोर (ईडीएफसी) के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (ओसीसी) का निरीक्षण करने के लिए आ सकते हैं। इस दौरान वह ईडीएफसी पर चलाई जाने वाली कई नई मालगाड़ियों को वर्चुअली हरी झंडी भी दिखा सकते हैं। शुक्रवार को डीएफसीआईएल के एमडी रविंद्र जैन ने प्रयागराज पहुंचकर उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक रविंद्र गोयल के साथ बैठक करके तैयारियों का जायजा लिया। ईडीएफसी की ओसीसी में रविंद्र जैन ने संवाददाताओं से बातचीत में जानकारी दी। कहा, दो मार्च को पीएम यहां आ सकते सकते हैं। एमडी ने बताया कि ईडीएफसी में फिलहाल दादरी-सोन नगर तक मालगाड़ियां चल रही हैं।



हैं। हालांकि इसका आधिकारिक प्रोटोकाल नहीं आया है। बता दें, पीएम मोदी ने ही देश के सबसे बड़े ओसीसी का 29 दिसंबर 2020 को वर्चुअल उद्घाटन किया था। बताया जा रहा है कि पीएम यहां ओसीसी से ईडीएफसी की पूरी कार्यशैली भी देखेंगे। वह नई मालगाड़ियों सहित डीएफसी से जुड़े विभिन्न कार्य, परियोजनाओं का भी लोकार्पण कर बृहस्पतिवार को ही डीएफसी ने 428 मालगाड़ियों का इंटरचेंज करके नया कीर्तिमान बनाया। देश में कुल छह डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर प्रस्तावित हैं। मार्च 2024 तक मुंबई से वाया दादरी सोननगर तक सभी कार्य पूरे हो जाएंगे। प्रधानमंत्री की दो को परेड में सभा की तैयारीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो मार्च को संगमनगरी आ सकते हैं।



## आयुष मंत्री डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु जनपद मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव कार्यालय का करेंगे उद्घाटन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
वाराणसी।



वाराणसी 23 फरवरी-आयुष एवम खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु दिनांक 24 फरवरी को सड़क मार्ग द्वारा वाराणसी से चलकर सोनभद्र होते हुए मिर्जापुर पहुंचेंगे। मिर्जापुर पहुंचने पर आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु बतौर क्लस्टर प्रभारी धौरूपुर,थाना कोतवाली देहात स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। तत्पश्चात जनपद लखनऊ के लिए रवाना होंगे। उक्त जानकारी आयुष मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने दी।

## पेपर लीक होने के बाद यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द, योगी सरकार का बड़ा फैसला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
लखनउ। पेपर लीक के आरोपों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की मेहनत और परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करते हुए अगले 06 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को



मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने परीक्षा निरस्त करने का आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है

## गांव से की शुरुआत, महिला आईपीएल टीम में मिली जगह, पढें- जौनपुर की जांबाज बेटियों की कहानी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
जौनपुर ।महिला आईपीएल टी-20 में हिस्सा लेने वाली जौनपुर की दो खिलाड़ियों की कहानी काफी रोचक है। कड़े संघर्ष के बाद दोनों ने इस मुकाम को हासिल किया है। जौनपुर के मचहटी गांव की शिखा पांडेय और बांकी गांव की रहने वाली राधा यादव अपने इस चयन से काफी खुश हैं।महिला आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच शुक्रवार को बंगलुरु में खेला गया। इसमें जौनपुर की दो बेटियों ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई टीम में शामिल रहीं। चंदवक के मचहटी निवासी शिखा पांडेय और मड़ियाहूं के अजोसी गांव निवासी राधा यादव क्रिकेट में पूर्वांचल का नाम रोशन कर रही हैं।जिला व्यायाम शिक्षक रविचंद्र यादव ने बताया कि डोभी के मचहटी गांव निवासी सुबाष पांडेय की बेटी शिखा के चयन से पूर्वांचल के खिलाड़ियों को ऊर्जा मिली है।



बताया कि राधा यादव ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धमाल मचाना शुरू कर दिया था। वह अपने पिता के साथ मुंबई में रहती है। हाईस्कूल की परीक्षा उसने बांकी गांव स्थित केएन सिंह इंटर कालेज से पास की।राधा के पिता ओम प्रकाश यादव कांदिवली में सचिन तेंदुलकर स्टेडियम के सामने सब्जी की दुकान लगाते हैं। राधा के पिता ओम प्रकाश यादव ने बताया कि महाराष्ट्र से खेलना शुरू किया और मुंबई क्रिकेट टीम के बाद वह वडोदरा की टीम की कैप्टन रही। राधा ने कोच प्रफुल्ल नायक से प्रशिक्षण

## मुरादाबाद में आज पदयात्रा, राहुल को मिलेगा बहन प्रियंका का साथ

जनता से करेंगे संवादमुरादाबाद से भारत जोड़ा यात्रा की शुरुआत शनिवार से होगी। इसमें राहुल गांधी भाग लेंगे। यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गई है। रहेंगे। राहुल गांधी की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के साथ पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अधिकारी छह वाहनों के साथ मौजूद रहेंगे। डीएम ने न्याय यात्रा



इसके अलावा कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुरादाबाद में शनिवार को निकलेगी। इसके लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। कांग्रेस पदाधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। इसलिए उनकी सुरक्षा में छह सरकारी वाहन लगेंगे।राहुल गांधी के साथ सीआरपीएफ के जवान मौजूद की सुरक्षा के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों के अलावा न्याय यात्रा के आसपास मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।लोनिवि के अधिशासी अभियंता कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग की जांच करेंगे। विद्युत विभाग के अधिकारी भी अपनी ड्यूटी निभाएंगे, ताकि विद्युत कटौती न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी भी वीआईपी के लिए व्यवस्था तैयार रखेंगे। रविवार को यात्रा अमरोहा से गुजरेगी।

## गोरखपुर मंडल के सात स्टेशनों का होगा शिलान्यास

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
गोरखपुर।गोरखपुर में ऑनलाइन पीएम मोदी अमृत भारत रेलवे स्टेशन के कई योजनाओं की सौगात देंगे। पीएम वीडियो कांफ्रेंसिंग से गोरखपुर क्षेत्र के सात रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास करेंगे। एनईआर को देंगे 143 परियोजनाओं की सौगात।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को अमृत स्टेशन योजना के तहत पूर्वोत्तर रेलवे के गोमतीनगर स्टेशन का लोकार्पण व 31 स्टेशनों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 111 ओवरब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा। इस दौरान कुल 143 परियोजनाओं की सौगात प्रधानमंत्री एनईआर को देंगे।जिन स्टेशनों का शिलान्यास होना है, उसमें गोरखपुर क्षेत्र के सिद्धार्थनगर, स्वामी नारायण छपिया, खलीलाबाद, आनंदनगर जंक्शन, सलेमपुर जंक्शन, भटनी जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन शामिल हैं।सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि बढ़नी स्टेशन को 15.05 करोड़, रामघाट हाल्ट को 08.02 करोड़, सिद्धार्थनगर को 11.18 करोड़, स्वामी नारायण



छपिया को 12.13 करोड़, खलीलाबाद को 09.92 करोड़, आनंदनगर को 10.28 करोड़, सलेमपुर को 15.12 करोड़, भटनी को 42.62 करोड़ और कप्तानगंज जंक्शन को 20.73 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जाएगा चार गुना चौड़ा होगा फुट ओवरब्रिजअमृत स्टेशन योजना में आगामी 50 वर्षों की आवश्यकता को देखते हुए स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। इसमें स्टेशन फसाड, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, प्रसाधन, लिफ्ट/एस्केलेटर, 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे।नए फुट ओवरब्रिज वर्तमान फुटओवर ब्रिजों की तुलना में लगभग चार गुना चौड़े होंगे। इसके अलावा पार्किंग एवं सौर ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल भवन आदि योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। स्टेशनों पर उन्नत यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज और अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप साइनेज का प्रावधान होगा स्टेशनों की सुंदरता के लिए आकर्षक फसाड लाइट लगाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री योगी के फैसले पर अभ्यर्थियों के रिएक्शन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
कानपुर।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। परीक्षा में पेपर लीक होने की खबरों के बाद से अभ्यर्थी इस मामले में इसे निरस्त कराने की मांग कर प्रदर्शन कर रहे थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करते हुए अगले छह माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं भर्ती कैंसिल विवि छात्र नेता विनीत चपराना के नेतृत्व मे बड़ी संख्या में छात्र इक्कठा हुए। सभी ने ढोल-नगाड़े के साथ मिठाईयां बाटकर एक दूसरे को खूब बधाईयां दीं।कई दिनों से छात्र नेता विनीत चपराना पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द कराने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे थे। आज सुबह सरकार के कानों तक बात पहुंचे इसके लिए भैंस के आगे बीन बजाकर अनोखा प्रदर्शन किया गया था। अब छात्रों के हित मे फैसला आने पर सभी ने विश्विद्यालय के मुख्य द्वार पर खुशी का इजहार किया। छात्र नेता विनीत चपराना ने कहा कि



होने की खबर मिलते ही अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनका कहना है कि हमारी मांगें रंग लाई। दोबारा परीक्षा के लिए हम तैयार हैं। मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के छात्रों ने पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होते ही कैंपस के मुख्य द्वार पर ढोल-नगाड़े बजवाकर और मिठाई बांटकर खुशी मनाई।पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होते ही छात्रों मे खुशी की लहर दौड़ गई। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर सरकार के फैसले से लाखों युवाओं और छात्रों में खुशी है, ये छात्रों की एकता और संघर्ष की जीत है।सीएम योगी बोले- आरोपियों के खिलाफ की जाएगी कठोरतम कार्रवाई उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्ष की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदा ने महिलाओं से पूछा गीर गाय पालने का अनुभव

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
वाराणसी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनास डेयरी के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान गीर गाय पालने वाली महिलाओं से बातचीत की। पीएम ने महिलाओं



ने गीर गाय पालने का अनुभव पूछा तो उन्होंने कहा कि गीर गाय पालने से आमदनी बढ़ी है। करखियांव स्थित बनास डेयरी प्लांट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गीर गाय पालने वाली जिले की 51 महिलाओं से मुलाकात की है। इनमें से 10 महिलाओं से गीर गाय के पालन के उनके अनुभव के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने सभी महिलाओं को गीर गाय के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं ने कहा कि दूध बेचने से अच्छा मुनाफा मिल रहा है।कंपनी में काम करती हूं। 10 दिन की ट्रेंनिंग के लिए गुजरात गई थी। वहां से आने के बाद मार्च 2021 में गीर गाय मिली थी।

## कानपुर नगर निगम समिति की बैठक 1866 करोड़ का बजट स्वीकृत, नशे में पहुंचे सदस्य को चेतावनी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
कानपुर।नगर निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक में 1866 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ है। वहीं, बैठक में नशे की हालत में पहुंचे सदस्य को चेतावनी दी गई है।कानपुर नगर निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष का 1866 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। वहीं, विकास कार्यों का बजट करीब 308 करोड़ रुपये बढ़ाया गया।



इसी प्रकार जलकल विभाग का 341 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है।यह प्रस्ताव भी हुए हैं स्वीकृत आगामी वित्तीय वर्ष में जुलाई तक ग्रहकर में मिलेगी 10 परसेंट की छूट।ग्रीन पार्क चौराहे पर बनेगा भव्य आनंदेश्वर मंदिर गेट।स्वतंत्रता स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का एक मकान का गृहकर होगा माफ।जन सुविधा केंद्र में लोगों की शिकायतों का कड़ाई से निस्तारण के निर्देश।वहीं, बैठक में पार्षद आशुमेंद्र प्रताप सिंह नशे की हालत में पहुंचे। महिला पार्षद रूम के शौचालय में बाथरूम करने भी सदस्य पहुंच गए। महापौर ने उन्हें चेतावनी दी कहा कि आइंदा उन्होंने ऐसाकिया, तो सदस्यता भी समाप्त की जा सकती है।

## सियासी घमासान के बीच मथुरा में जयंत विधायक दल के साथ करेंगे बैठक

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
लखनउ।राज्यसभा चुनाव से पहले 25 फरवरी को राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी विधायक दल के साथ अहम बैठक करेंगे। वहीं 26 फरवरी को सीएम योगी से लखनऊ में उनकी चुनाव रालोद का भी पहला इम्तिहान है। रालोद के हिस्से के नौ वोट नतीजों में अहम भूमिका निभाएंगे।यही वजह है कि रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने 25 फरवरी को मथुरा स्थित आवास पर अपने विधायकों की बैठक बुलाई है।



मुलाकात अहम रहेगी। राज्यसभा चुनाव के लिए रालोद विधायक मथुरा से ही रवाना होंगे।प्रदेश की 10वीं राज्यसभा सीट पर मचे सियासी घमासान के बीच रालोद हर कदम पर एहतियात बरत रहा है। रविवार को मथुरा में रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने विधायक दल की बैठक बुलाई है। यहीं से विधायक मतदान के लिए रवाना होंगे। इसके बाद लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से अहम मुलाकात होगी।राज्यसभा चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होना है। भाजपा और सपा ने अपने-अपने प्रत्याशी के लिए वोट जुटाने में ताकत झोंक रखी है। एनडीए में शामिल होने की रस्म अदायगी से पहले राज्यसभा राज्यसभा चुनाव को लेकर निर्णायक रणनीति तैयार होगी। मथुरा से ही विधायक लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। सोमवार को रालोद विधायक लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अहम बिंदुओं पर चर्चा करेंगे।इस तरह अहम हो गया रालोद दस सीटों के राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आठवें प्रत्याशी के तौर पर संजय सेठ को मैदान में उतार रखा है। कुल प्रत्याशियों की संख्या 11 हो गई है, जिसके चलते एक सीट पर मतदान होगा। एनडीए के साथ गठबंधन में शामिल होने जा रहे रालोद के पास नौ विधायक हैं।

## मरीज-माफिया के नेटवर्क को ध्वस्त करेगी पुलिस चलेगा अभियान

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
गोरखपुर।गोरखपुर पुलिस ने मरीज माफियाओं का नेटवर्क को ध्वस्त करने का फैसला किया है।



डीआईजी ने रेंज के सभी एसपी को पत्र लिखकर स्वास्थ्य विभाग से तालमेल कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।मरीज माफिया के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस, गोरखपुर की तर्ज पर पड़ोसी जिलों महराजगंज, कुशीनगर और देवरिया में भी अभियान चलाएगी। इसके लिए डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने रेंज के तीन अन्य जिलों के पुलिस कप्तान को पत्र भेजकर अभियान चलाने का निर्देश दिया है। पत्र में गोरखपुर में हुई कार्रवाई का जिक्र करने के साथ ही जांच का तरीका भी समझाया गया है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम इस मुहिम को मिलकर अंजाम तक पहुंचाएगी।गोरखपुर में मरीज माफिया पर कार्रवाई होने के बाद आसपास के जिलों में भी हड़कंप मचा है। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज में भी कई ऐसे ही फर्जी तरीके से नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। बिना डॉक्टर के ही मरीज को भर्ती किया जाता है और फिर मरीज की जान जाने के बाद ही जानकारी दी जाती है।डॉक्टर के नाम पर अस्पताल का पंजीकरण है, वह कभी आते ही नहीं। कई कस्बों में पंजीकरण न होने के बाद भी अस्पताल का बोर्ड लगाकर मरीजों को ठगा जा रहा है। डीआईजी ने इसका संज्ञान लेते हुए तीनों जिले के एसपी को संयुक्त टीम गठित कराने को कहा है, जिससे ऐसे लोगों पर शिकंजा कसा जा सके। मरीज व एंबुलेंस माफिया पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भी भेजी जाएगी।गिरोह में शामिल आरोपी फरार, तलाश में दबिश बीआरडी मेडिकल कॉलेज से मरीज की खरीद-फरोख्त के मामले में पुलिस की कार्रवाई के बाद अब नामजद आरोपी फरार हो गए हैं। पुलिस की टीम रात के समय तलाश में घरों पर दबिश देने पहुंची तो आरोपी फरार मिले।

## काशी को केंद्र में रखते हुए बनेगा रीजनल डेवलपमेंट प्लान सीएम योगी ने महायोजना २०३१ पर की बैठक

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
वाराणसा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कई प्रमुख दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि



रायबरेली, बरेली और लखनऊ के सुनियोजित विकास के लिए महायोजना पर चर्चा की और अफसरों को दिशा-निर्देश दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष शनिवार को उनके सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में जनपद रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और महायोजना लागू करने में अब देर न हो, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथाशीघ्र लागू करें। बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी।

## तीन परीक्षाएं, 7 हजार सवाल, तब पीएम के हाथों मिला सम्मान

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
वाराणसी।प्रधानमंत्री सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मान मिला तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को काशी पर आधारित 7000 सवाल दिए गए। पांच दिन की तैयारी करने का मौका मिला। तीन बार परीक्षा हुई। सभी टर्म को पास कर आगे बढ़ने के बाद पीएम के हाथों इन्हें सम्मान मिला। कहते हैं कि मन में कुछ कर गुजरने का हौसला हो और पूरी तन्मयता के साथ लक्ष्य पाने का प्रयास किया जाय तो जो सफलता मिलती है, उसकी खुशी भी अलग ही होती है। प्रधानमंत्री सांसद ज्ञान प्रतियोगिता में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। प्रतिभागियों को एक दो नहीं बल्कि काशी पर आधारित 7000 सवाल दिए गए। पांच दिन की तैयारी करने का मौका मिला। तीन बार परीक्षा हुई। इसमें लिखित और मौखिक परीक्षा में सवालों का जवाब परीक्षार्थियों ने दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सम्मान मिला तो सभी प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे। इस पल के गवाह उनके शिक्षकों के साथ ही माता-पिता भी बने।

## वार्ड नहीं ट्रामा सेंटर में ही चलेगी मेडिसिन विभाग की इमरजेंसी सेवा


(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
वाराणसी।बीआरडी मेडिकल कॉलेज में अब दो नहीं एक ही जगह भी शिफ्ट कर दी गई है। इसके अलावा इमरजेंसी वार्ड में रेजिडेंट डॉक्टरों की शिफ्टवार ड्यूटी भी




इमरजेंसी सेवा चलेगी। ट्रामा एवं इमरजेंसी वार्ड में ही मेडिसिन विभाग की इमरजेंसी सेवा भी शिफ्ट कर दी गई है। इसके अलावा इमरजेंसी वार्ड में रेजिडेंट डॉक्टरों की शिफ्टवार ड्यूटी भी लगने लगी हैबीआरडी मेडिकल कॉलेज में अब दो नहीं एक ही जगह इमरजेंसी सेवा चलेगी। ट्रामा एवं इमरजेंसी वार्ड में ही मेडिसिन विभाग की इमरजेंसी सेवा लगने लगी है। डॉक्टरों की मौजूदगी की जिम्मेदारी विभागाध्यक्षों की होगी मेडिकल कॉलेज के नेहरू अस्पताल से मरीजों को बेचने का मामला तूल पकड़ने के बाद कॉलेज प्रशासन ने इसमें सुधार के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। पहले ट्रामा सेंटर में सर्जरी, गायनी, आर्थो व एनेस्थीसिया की टीम रहती थी।

## अनवरगंज स्टेशन दिसंबर में होगा तैयार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
डप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत गोविंदपुरी और अनवरगंज स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को ऑनलाइन अमृत भारत स्टेशनों और आरओबी व आरयूबी के शिलान्यास और लोकार्पण करने जा रहे हैं।कानपुर में वर्ष 2024 के अंत तक गोविंदपुरी और अनवरगंज रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक और सुविधाओं से युक्त हो जाएगा। यहां से कई सुपर फास्ट ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। रेलवे की ओर से गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन के कार्यों की डेड लाइन सितंबर है, जबकि अनवरगंज स्टेशन के लिए



दिसंबर तक का समय दिया गया है।दोनों स्टेशन अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। दोनों स्टेशनों का शिलान्यास 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल तरीके से करेंगे। उसके लिए स्टेशनों पर तैयारियां शुरू हो गई है। कार्यक्रम में सांसद, विधायक समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे।सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जबकि छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा

# दारुल उलूम सहारनपुर को प्रतिबंधित कर सुन्नन -अल- नसई पुस्तक को प्रबंधित करे प्रशासन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**आज दिनांक 23/10/2024 को माननीय उच्च न्यायालय त्रिभुवन उपाध्याय हॉल में विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विषय सुन्नन-अल-नसई पुस्तक में कोटेड गजवा-ए-हिंद का उल्लेख है।जिसका अर्थ भारत पर हमला कर धार्मिक उन्माद पैदा कर इस्लाम में परिवर्तित करना है। गजवा-ए-हिन्द युक्त वाक्य का फतवा दारुल उलूम सहारनपुर की वेबसाइट पर भी है जो खुले तौर पर भारत गणराज्य की संप्रभुता को खुली चुनौती देता है। जो कि विधिक रूप से राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है।बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इसकी घोर भर्त्सना की गई तथा सरकार एवं प्रशासन से मांग की गई कि तत्काल दारुल उलूम को प्रतिबंधित कर सुन्नन-अल-नसई पुस्तक के प्रकाशन पर रोक लगाई जाए।विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ जल्द ही इस मुद्दे पर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में एक जनहित याचिका भी प्रस्तुत करेगा।परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल शासन एवं प्रशासन से मिलकर ज्ञापन भी प्रस्तुत करेगा। बैठक में प्रमुख रूप से अरविंद मिश्रा संयोजक काशी प्रांत, बृजेश प्रताप सिंह सहसंयोजक, ओमप्रकाश सिंह सहसंयोजक, अखिलेश कुमार शुक्ला, वीरेंद्र सिंह राजभर, विनय पाण्डेय, संदीप शर्मा, राजेश शर्मा, कंचन सरोज, प्रीति पाण्डेय, संजय कुमारसिंह, और अरविंद कुमार भारद्वाज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अधिशासी अभियन्ता विद्युत के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण की गयी मांग

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 23 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आज शासन की प्राथकिता वाले विकास कार्यो से सम्बन्धित मा0



मुख्यमंत्री सी0एम0 डैशबोर्ड पर आने वाले बिन्दुओ/विभागो के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में पिछले बैठक में भी तथा वर्तमान बैठक में भी अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियन्ता विद्युत से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये निर्देशित किया कि दो दिवस के अन्दर स्पष्ट जवाब प्राप्त न होने की दशा में वेतन अवरूद्ध करने की कार्यवाही की जायेगी। बैठक में माह जनवरी 2024 में सीएम डैशबोर्ड पर प्राप्त रैंकिंग के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर लाइट में ए प्लस, सोलर स्ट्रीट लाइट बी0के0एस0 उन्नति योजना में ए प्लस, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत ए प्लस, दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण ए प्लस, दैनिक विद्युत आपूर्ति शहरी ए प्लस, कृषि रक्षा रसायन डी0बी0टी0 में ए प्लस, बीज डी0बी0टी0 में ए प्लस, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में ए प्लस, मनरेगा में ए प्लस, एम्बुलेंस 102 में ए प्लस, एम्बुलेंस 108 में ए प्लस, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसस कार्यक्रम में ए प्लस, बायोमेडिकल उपकरणो का रखरखाव में ए प्लस, मोबाइल मेडिकल यूनिट में ए प्लस, दुग्ध मूल्य भुगतान में ए प्लस, दिव्यांग पेंशन में ए प्लस, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग में ए प्लस, जल जीवन मिशन में ए, सामाजिक वानकीकरण में ए प्लस, आपरेशन कायाकल्प प्राथमिक शिक्षा में ए प्लस, निराश्रित गौवंश संरक्षण में ए प्लस, पशु टीकाकरण में ए प्लस, गौवंश की सुपुर्दगी में ए प्लस, शादी अनुदान योजना ए प्लस, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा ए प्लस, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा ए प्लस, मत्स्य उत्पादन में ए प्लस, निराश्रित महिला पेंशन आधार सीडिंग में ए प्लस, निराश्रित महिला पेंशन में ए प्लस, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में ए प्लस, नयी सड़को का निर्माण ए प्लस, सड़को का अनुरक्षण ए प्लस, स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड में ए प्लस, कन्या विवाह सहायता योजना श्रम एवं सेवायोजन में ए प्लस, मातृत्व शिशु एवं बालिका मद योजना में ए प्लस, ओ0डी0ओ0पी0 टूल किट योजना में ए प्लस, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में ए प्लस, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना ए प्लस, वृद्धावस्था पेंशन ए प्लस, वृद्धावस्था पेंशन आधार सीडिंग में ए प्लस, सहकारी बैंक अल्पकालिक ऋण वितरण में ए प्लस, सिल्ट सफाई रबी फसली में ए प्लस रैंकिंग माह जनवरी 2024 में प्राप्त हुयी हैं।

# कार्यो में तेजी लाते हुये निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूर्ण कराते हुये गांव में जलापूर्ति की उपलब्ध कराये प्रमाण पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 23 फरवरी 2024- मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 मण्डलायुक्त ने जनपद सोनभद्र मीरजापुर व भदोही के नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन परियोजनाओं



ने कैम्प कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनो जनपदो में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित हर घर नल योजना के कार्य प्रगति बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य समयबद्ध क्रियान्वयन तथा गुणवत्तापूण ढंग से पूर्ण किया जाय ताकि ग्रामीणो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर जल जीवन मिशन के उद्देश्य को पूर्ण किया जा सकें। उन्होने कहा कि यह परियोजना शुद्ध पेयजल बेहतर स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण आधार के दृष्टि से भी इसका विशिष्ट महत्व हैं। पर भूमि की उपलब्धता न हो पायी हो अथवा उपलब्ध भूमि पर कोई विवाद हो उसे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी उपजिलाधिकारी के साथ बैठक कराते हुये तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होने यह भी कहा कि कार्य दायी संस्था किसी अन्य विभाग यथा वन विभाग, रेलवे, लोक निर्माण विभाग, सिचाई आदि विभागो से यदि कही एन0ओ0सी0 प्राप्त करने की आवश्यकता हो तो परियोजना का सर्वे कर जहां भी एन0ओ0सी0 की आवश्यकता हो सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर औपचारिकताए पूर्ण कराते हुये एन0ओ0सी0 प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

# कई नेताओं की गाड़ियां पकड़ी गई जिन्हें चालानी कार्रवाई के बाद ही छोड़ा गया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मैहर।**मैहर मजिस्ट्रेट उमेश भगवती के आदेश पर मैहर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी,चौकी प्रभारी संतोष उलाड़ी ने देवी जी बंधा बैरियल वा संथाम स्कूल सतना रोड पर सघन चेकिंग अभियान लगाया26 से ज्यादा रशीद काटी गई जिसमें 4 बस की है तीन बसों के अंदर 40 सवारी की जगह किसी में 53 तो किसी में बस मे 63 सवारियां पाई गई,एवं 3 हूटर लगी फोर व्हीलर वाहनों हैचेकिंग अभियान के दौरान टू व्हीलर वाहन से चलने वाले बिना हेलमेट के वह तीन सवारी मे चलने वाले लोगों को पकड़ा गया,जिन पर चनानी कार्रवाई की गई इस बीच चार बसों पर भी बड़ी चलानिक कार्रवाई की गई जहां बस के अंदर बस की क्षमता से ज्यादा सवारियां पाई गई उन पर भी कार्यवाही की गई,इस बीच हूटर लगी गाड़ियां भी पकड़ी गई जिनके हूटर जप्त किए गए वह ?5000 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई वह ब्लैक फिल्म लगाकर गाड़ी चलाने वालों की ब्लैक फिल्में निकाली गई

# मुख्य विकास अधिकारी ने भू गर्भ जल एवं जिला पर्यावरण समिति /जिला गंगा समिति की बैठक कर की समीक्षा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 23 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भू गर्भ जल प्रबन्धन परिषद के अलावा जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक आहूत की गयी। भू गर्भ एवं जल प्रबन्धन के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनो पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी सदस्यो से विस्तृत चर्चा करते हुये आवेदनो का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी भू गर्भ जल प्रबन्धन को निर्देशित किया गया कि सभी विभागो से समन्वय स्थापित करते हुये अधिनियम




के विषय पर व्यापक प्रचार कराया जाय। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2024-25 पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ तथा शासन के निर्देश के क्रम में 2022-23 एवं 2023-24 में कराये गये 35 करोड़ वृक्षारोपण अभियान पर चर्चा करते हुये प्रगति की सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देशित किया गया

# जनपद मीरजापुर के माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 23 फरवरी 2024- आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर द्वारा संयुक्त शिक्षा निदेशक, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर के साथ जनपद मीरजापुर के माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा केन्द्रों, मण्डलीय कण्ट्रोल रूम एवं जनपद स्तर पर स्थापित ऑनलाइन मॉनिटरिंग कण्ट्रोल रूम तथा जनपदीय संकलन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया, है।परीक्षा केन्द्र आदर्श भारतीय बालिका इण्टर कालेज, गनेशगंज, मीरजापुर- प्रातः 11:05 बजे आदर्श भारतीय बालिका इण्टर कालेज, गनेशगंज, मीरजापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम आयुक्त महोदय द्वारा केन्द्रव्यवस्थापक कक्ष में स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों से आच्छादित परीक्षा कक्षों को स्क्रीन पर देखा गया। परीक्षा केन्द्र पर इण्टरमीडिएट नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा में कुल 31 परीक्षार्थी एक कक्ष में परीक्षा दे रहे थे। भौतिक रूप से परीक्षा कक्ष भी देखा गया उसके बाद स्ट्रांग रूम जिसमें परीक्षा से सम्बन्धित प्रश्नपत्र रखे गये है वार्ता की गयी तथा उन्हें सलाह दी गयी कि वे ससमय परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित रहे एवं कुशलतापूर्वक कक्ष निरीक्षण का कार्य करते रहे।



को स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा खुलवाकर भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि स्ट्रांग रूम की निगरानी 24 घण्टे सी0सी0टी0वी0 कैमरे से होती रहे इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।तदोपरान्त् कक्ष निरीक्षकों से यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो, तो तत्काल जिला कण्ट्रोल रूम को अवगत करायें।परीक्षा केन्द्र स्व0 कांशीराम राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मीरजापुर-प्रातः 11:30 बजे स्व0कांशीराम राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मीरजापुर परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
कौशलं बलम्
NAINI ALLAHABAD
सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजिनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडीमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।



महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा
उत्तर प्रदेश

★C.O.P.A.
★Fitter
★Security Service
★Electric Technician
★Electrician
★Computer Application
★Repair of Refrigerator & A.C.
★Fire Safety & Industrial Security
★Computer Teacher Training
★Computer Hardware & Maintenance
★Welding Technology
★Certificate in YOGA

Message
नन्दी गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन एवं नागरिक उड्डयन विभाग
उत्तर प्रदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र" द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी "प्रवेश विवर्जिका" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र / छात्राओं में चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने मे अवश्य सार्थक सिद्ध होगी।

संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका " प्रवेश विवर्जिका" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं!

भवदीय
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'



Nand Goapal Gupta
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री

N.C.V.T. D.G.E.T से मान्यता प्राप्त
फिटर
आसान किस्तों में फीस जमा करने की सुविधा
COPA
छात्रवृत्ति की सुविधा
100% प्लेसमेंट की गारंटी
अप्रेन्टिशिप की सुविधा
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

# मीरजापुर जिलाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर जिलाधिकारी के निर्देश पर नकली, अधोमानक, नारकोटिक दवाओं की विक्री / भंडारण पर रोकथाम के लिए संयुक्त टीम आबकारी अधिकारी एवं पुलिस बल के साथ औषधि निरीक्षक कुमार बेचते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को औषधि अधिनियम 1940 के अनुसार कार्यवाही की जाएगी छापे की खबर से जनपद के दवा दुकानदारों में अफरा तफरी मची



सौमित्र ने आज 23 फरवरी को मीरजापुर मंडलीय अस्पताल रोड पर स्थित रमजान मेडिकल स्टोर , साईं मेडिकल हाल , न्यू जनता मेडिकल स्टोर व वर्षा मेडिकल का निरीक्षण किया गया ,औषधि निरीक्षक ने सभी दवा दुकानदारों को निर्देशित किया कि डाक्टर के पर्चे पर ही नार्कोटिक दवा का विक्रय करे, यदि कोई दवा दुकानदार बिना डाक्टर के पर्चे के नार्कोटिक दवा रही ।जरूरत है सघन चेकिंग अभियान की :-मीरजापुर मंडलीय अस्पताल को जबसे मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिला तबसे दवा की बिक्री काफी बढ़ गई है , कई मरीजों से बात करने पर उन्होंने अपना दुखड़ा बताते हुए कहा कि दवा खाने पर भी फायदा नही मिलता , बुद्धिजीवी समाज ने हॉस्पिटल रोड पर स्थित मेडिकल स्टोर के दवा की जांच व्यापक स्तर पर कराने की मांग की है ।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह दिनांक 24 को राजकीय इंटर कॉलेज महुवारिया व 26 फरवरी को परेड ग्राउंड चुनार में

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 23 फरवरी 2024- मा0 मुख्यमंत्री सामूहिक दोहर 01:00 बजे से होना सुनिश्चित है।इसके अतिरिक्त दिनांक 26 फरवरी 2024 दिन



विवाह योजनान्तर्गत आगामी 24 फरवरी 2024 को सिटी विकास खंड अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज महुवारिया मीरजापुर में विकास खण्ड सिटी, छानबे, कोन, हालिया, लालगंज, पटेहराकला, नगर पालिका परिषद मीरजापुर, नगर पंचायत कछवां के जोड़ो के विवाह सोमवार को दोपहर दो बजे से परेड ग्राउंड चुनार मीरजापुर में विकास खण्ड नरायनपुर, जमालपुर, सीखड़, राजगढ़, पहाड़ी, मंझवा, नगर पालिका परिषद चुनार, अहरौरा के जोड़ो के विवाह का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया हैं।

## आज रात उसने कर दिखाया जीत के बाद इस बल्लेबाज पर प्यार लुटा बैठीं हरमनप्रीत कौर टीम की भी की प्रशंसा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन मुकाबले में मुंबई को आखिरी गेंद पर जीत नसीब हुई।



एस संजना ने आखिरी गेंद पर सिक्स लगाकर दिल्ली पर चार विकेट से जीत दर्ज करने में अहम रोल अदा किया। जीत के बाद हरमनप्रीत कौर ने संजना पर की तारीफ करती हुई दिखीं। उन्होंने नेट प्रैक्टिस की मजेदार कहानी बताई।महिला प्रीमियर लीग 2024 के उद्घाटन मुकाबले में मुंबई ने दिल्ली को 4 विकेट से हराकर जीत से आगाज किया। आखिरी गेंद पर मुंबई को जीत के लिए 5 रन चाहिए था। एस संजना ने सिक्स लगाकर मैच समाप्त किया। मैच जीतने के बाद हरमनप्रीत कौर ने संजना की तारीफ की। कौर ने कहा कि उसी की वजह से मैं आज पोडियम पर खड़ी हूं।बता दें कि मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 172 रन का लक्ष्य मिला था। दिल्ली की तरफ से एलिस कैप्सी ने 75 रन की पारी खेली। जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन की पारी खेली। मुंबई की तरफ से यास्तिका भाटिया ने 57 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 55 रन की पारी खेली। अमेलिया केर ने 24 रन का योगदान दिया।

## आज ही के दिन असंभव हुआ था संभव, 'क्रिकेट के भगवान' ने ठोका था ध्ऊ्‌ में पहला दोहरा शतक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट में तो खूब दोहरे शतक लगते थे, लेकिन वनडे में डबल सेंचुरी जमाने हर किसी को असंभव नजर आता था। किसी को यकीन नहीं था कि 50 ओवर के फॉर्मेट में 200 का आंकड़ा कोई इकलौता बल्लेबाज पार कर सकता है। साल 2010 और तारीख 24 फरवरी। ग्वालियर के मैदान पर इस दिन मैदान पर बल्ला थामकर साक्षात 'भगवान' उतरे थे।सीरीज के दूसरे वनडे मैच में टीम इंडिया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। हालांकि भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सचिन तेंदुलकर के जोड़ीदार वीरेंद्र सहवाग महज 9 रन बनाकर चलते बने। नई गेंद से डेल स्टेन वेन पार्नेल कहर बरपा रहे थे। सचिन ने चौके-छक्कों की जमकर बरसात की और साउथ अफ्रीका के किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा।सचिन तेंदुलकर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए उस मुकाबले में असंभव को संभव कर डाला था। मास्टर ब्लास्टर ने ग्वालियर में वो चमत्कार करके दिखाया था, जिसकी कल्पना उस दिन से पहले किसी ने नहीं की



थी। सचिन ने मैराथन पारी खेलते हुए वनडे क्रिकेट इतिहास का पहला दोहरा शतक जमाया था। इस फॉर्मेट में कई और डबल सेंचुरी लग चुकी हैं, लेकिन सचिन के बल्ले से निकली वो ऐतिहासिक पारी आज भी फैन्स के लिए सबसे खास है।सीरीज के दूसरे वनडे मैच में टीम इंडिया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। हालांकि, भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सचिन तेंदुलकर के जोड़ीदार वीरेंद्र सहवाग महज 9 रन बनाकर चलते बने। नई गेंद से डेल स्टेन, वेन पार्नेल कहर बरपा रहे थे। स्टेन की रफ्तार के सामने बल्लेबाजी करना काफी मुश्किल नजर आ रहा था। इसके बाद मोर्चा सचिन तेंदुलकर ने संभाला।सहवाग के पवेलियन लौटने के बाद सचिन तेंदुलकर ने दिनेश कार्तिक संग मिलकर मोर्चा संभाला।

## आखिरी गेंद पर मिली मुंबई इंडियंस को जीत, दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन मुकाबले में मुंबई ने दिल्ली को 4 विकेट से हराकर जीत से आगाज किया। आखिरी गेंद पर मुंबई को जीत के लिए 5 रन चाहिए था। एस संजना ने सिक्स लगाकर मैच समाप्त किया।महिला प्रीमियर लीग 2024 का आगाज हो गया। गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और पहली महिला प्रीमियर लीग की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला गया। मुंबई ने जहां मुकाबला छोड़ा था वहीं से आगाज किया। उद्घाटन मुकाबले में मुंबई ने दिल्ली को 4 विकेट से हराया। एस संजना ने आखिरी गेंद पर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई।मुंबई को जीत के लिए 172 रनों का लक्ष्य मिला था। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। हेली मैथ्यू बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद यास्तिका ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। नैट सिवर ब्रंट के साथ मिलकर पारी को संभाला। यास्तिका ने 45 गेंद पर 57 रन की पारी खेली।कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 34 गेंद पर 55 बनाकर आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुईं। आखिरी गेंद पर मुंबई



को जीत के लिए 5 रन बना थे और एस संजना ने सिक्स जड़ दिया। दिल्ली के लिए अरुंधति और कैप्सी को 2-2 विकेट मिला।इससे पहले डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन मैच में दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बहुत धीमी रही। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर का टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय टीम के पक्ष में रहा। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज शबनम इस्माइल ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर ही ओपनर शेफाली वर्मा को बोल्ड कर दिल्ली को बैकफुट पर भेज दिया।इसके बाद कप्तान लैनिंग और कैप्सी ने साझेदारी बनाने के लिए समय लिया। गत सत्र की सर्वाधिक रन स्कोरर रहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने शेफाली का विकेट गिरने के बाद हाथ खोलने का भरपूर प्रयास किया, परंतु साइका इशाक और इस्माइल ने उन्हें कोई अवसर नहीं दिया।इस दौरान कैप्सी ने चौथे ओवर में ब्रंट के खिलाफ दो चौके और पांचवें ओवर में इस्माइल के खिलाफ एक चौका लगाया।

## कप्तानों ने शाहरुख खान के साथ किया सिग्नेचर पोज, फिल्मी गानों पर झूमें फैंस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण की जोरदार शुरुआत हुई। 23 फरवरी, शुक्रवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में बॉलीवुड के किंग, शाहरुख खान ने ब्लॉकबस्टर टूर्नामेंट का नेतृत्व किया।की ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सितारे, शाहरुख खान, कार्तिक आर्यन, शाहिद कपूर, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ??ने अपने रोमांचक प्रदर्शन के साथ एक ग्लैमरस स्वाद जोड़ा। शाहरुख खान ने जब अपनी पठान फिल्म के गाने झूमे जो पठान और जवान के गाने रमैया वस्तावैया पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी तो भीड़ झूम उठी। अपने प्रदर्शन से पहले किंग खान ने महिला क्रिकेटरों के लिए सशक्तिकरण का एक विशेष संदेश दिया था। अपनी परफॉर्मेंस के बाद शाहरुख खान ने पांचों कप्तानों के साथ अपना सिग्नेचर पोज किया।शाहरुख खान ने जब अपनी 'पठान' फिल्म के गाने 'झूमे जो पठान' और 'जवान' के गाने 'रमैया



वस्तावैया' पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी तो भीड़ झूम उठी। अपने प्रदर्शन से पहले, किंग खान ने महिला क्रिकेटरों के लिए सशक्तिकरण का एक विशेष संदेश दिया था।शाहरुख ने पांचों कप्तानों को ढोल की धुन से परिचित कराया। दिल्ली कैपिटल्स की मेग लैनिंग, गुजरात जायंट्स की बेथ मूनी, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की स्मृति मंधाना, यूपी वॉरियर्स की एलिसा हीली और मुंबई इंडियंस की हरमनप्रीत कौर ने रथ पर बैठकर मंच पर भव्य प्रवेश किया। एक यादगार पल में के रूप में शाहरुख ने सभी 5 कप्तानों के साथ अपना सिग्नेचर पोज किया।इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत कार्तिक आर्यन ने की।

## मुशीर खान ने जड़ा पहला रणजी शतक पहले दिन सौराष्ट्र और मध्य प्रदेश की हालत खराब

**(आधुनिक समाचार नेटवक**
**नई दिल्ली।** भारत के अंडर-19 वर्ल्ड कप स्टार मुशीर खान ने पहला प्रथम श्रेणी शतक जमाकर मुंबई को संकट से निकाला और बडौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मेजबान ने पांच विकेट पर 248 रन बना लिए। भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान के छोटे भाई



मुशीर को चोटिल हरफनमौला शिवम दुबे के विकल्प के रूप में अंतिम एकादश में शामिल किया गया है।2023-24 रणजी ट्रॉफी 2023-24 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले की शुरुआत शुक्रवार 23 फरवरी से शुरू हो गए। चार मैचों पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। मुंबई के लिए जहां सरफराज खान के भाई मुशीर ने अपना पहला रणजी शतक जड़ा तो वहीं विदर्भ के सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने इस सत्र में दूसरा शतक जड़ा।बड़ौदा के अनुभवी भार्गव भट ने 82 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने पृथ्वी शॉ (33), भूपेन लालवानी (19) और अजिंक्य रहाणे के विकेट चटकाए। मुशीर ने तीसरे नंबर पर उतरकर पांचवें विकेट के लिए सूर्यांश शेडगे के साथ 43 रन की साझेदारी की।

## वार्नर की इंजरी ने बढ़ाई दिल्ली कैपिटल्स की टेंशन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 (2024) के आगाज से पहले दिल्ली कैपिटल्स की टेंशन बढ़ गई है। टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर चोटिल हैं और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टी-20 मुकाबले में भी कंगारू टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वॉर्नर इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन की शुरुआत से उपलब्ध हो पाएंगे या नहीं, इसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।डेविड वॉर्नर इंजरी के चलते न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। अब कंगारू ओपनर सीरीज के तीसरे और आखिरी टी-20 मैच से भी बाहर हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया है कि वॉर्नर को पूरी तरह से ठीक होने में अभी थोड़ा समय लगेगा जिसके चलते वह लास्ट टी-20 में भी टीम का हिस्सा नहीं होंगे।दरअसल, डेविड वॉर्नर इंजरी के चलते न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। अब कंगारू ओपनर सीरीज के तीसरे और आखिरी टी-20 मैच से भी बाहर हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया है कि वॉर्नर को पूरी तरह से ठीक होने में अभी थोड़ा समय लगेगा।

## पिता-भाई के निधन के बाद टूटा क्रिकेट से नाता, फिर एक फैसले ने पलटा करियर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**रांची।** हर क्रिकेटर का सपना देश के लिए खेलना होता है और जब उसे यह मौका मिलता है तो वह अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाता। कुछ ऐसा ही हाल भारत के लिए



टेस्ट पदार्पण करने वाले आकाशदीप का था। जब टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने शुक्रवार को जब आकाशदीप को टेस्ट कैप दी तो वह सीधे मैदान के बाहर खड़ी अपनी मां के पास पहुंचे। उन्होंने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।हर क्रिकेटर का सपना देश के लिए खेलना होता है और जब उसे यह मौका मिलता है तो वह अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाता। कुछ ऐसा ही हाल भारत के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले आकाशदीप का था। जब टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने शुक्रवार को जब आकाशदीप को टेस्ट कैप दी तो वह सीधे मैदान के बाहर खड़ी अपनी मां के पास पहुंचे।इस दौरान वहां मौजूद उनका परिवार बेहद ही भावुक नजर आ रहा था। यह कुछ ऐसा ही था, जैसा कुछ दिन पहले राजकोट में सरफराज खान के लिए उनके परिवार की आंखों में देखने को मिला था। मां ने भी अपने लाडले को गले लगाया और सिर पर हाथ फेर कर ही सबकुछ कह दिया। अपने बेटे की उपलब्धि पर मां का गला भर आया और वह कुछ भी बोलने में असमर्थ नजर आईं। आकाश दीप के लिए भारतीय टीम तक का यह सफर तय करना कतई आसान नहीं रहा।एक समय ऐसा था जब उन्होंने अपने घर को चलाने के लिए क्रिकेट से दूरी बना ली थी और क्रिकेट को छोड़ दिया था। बिहार के सासाराम से आने वाले आकाशदीप का लगाव क्रिकेट से काफी अधिक रहा है। उनके पिता रामजी सिंह को यह पसंद नहीं था।

## भारतीय ब्लाइंड टीम ने किया करिश्मा पाकिस्तान को दूसरे टी20 में रौंदकर सीरीज की बराबर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को फ्रेंडशिप क्रिकेट सीरीज के दूसर टी20 मैच में पाकिस्तान को हरा दिया। भारत ने दुबई में खेले गए मैच में पड़ोसी देश को 46 रन से मात दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए थे। पाकिस्तान 6 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी।मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी की। भारत की शुरुआत अच्छी रही। सुनील रमेश और डी. वेंकटेश्वर राव ने पहले विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। वेंकटेश्वर राव ने 41 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। वह 13 वें ओवर में आउट हुए। इसके बाद सुनील रमेश ने अजय कुमार रेड्डी के साथ साझेदारी कर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया।मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी की। भारत की शुरुआत अच्छी रही। सुनील रमेश और डी. वेंकटेश्वर राव ने पहले विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। वेंकटेश्वर राव ने 41 गेंद पर



56 रन की पारी खेली। वह 13वें ओवर में आउट हुए। इसके बाद सुनील रमेश ने अजय कुमार रेड्डी के साथ साझेदारी कर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। अजय रेड्डी ने 42 रन की पारी खेली।सुनील रमेश ने 61 गेंद पर 87 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। आखिरी ओवर में भारत ने 15 रन बनाए और टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 224/3 का स्कोर बनाया। पाकिस्तान ने अतिरिक्त के तौर पर 39 रन दिए।भारत के 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने तीसरे ओवर में ही शुरुआती विकेट खो दिया। हालांकि, टीम ने तेजी से रन बनाना जारी रखा और 7वें ओवर में 60 रन के आंकड़े तक पहुंच गई। दो विकेट खोने के बाद कप्तान बदर मुनीर ने बीच के ओवरों में पाकिस्तान की पारी को संभाला।

## यशस्वी जायसवाल ने फैन गर्ल से बातचीत में किया बड़ा खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल का नाम इस समय हर क्रिकेट



फैन के जुबां पर है। भारतीय ओपनर ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। वो एक के बाद एक लगातार दो दोहरे शतक जमा चुके हैं। बाएं हाथ के बल?लेबाज की इतनी युवा उम्र में निरंतरता देखकर दुनिया उनकी दीवानी बन रही है।भारतीय टीम के युवा ओपनर यशस?वी जायसवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। यशस्वी जायसवाल इस वीडियो में एक फैन गर्ल से बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। लड़की ने कहा कि आपके पास जो हैं उनको बोलो न कि हमारी तरफ देखें। यशस्वी जायसवाल ने पटलकर जो जवाब दिया उसे सुनकर अपनी हंसी रोकना मुश्किल होगा।हालांकि, इस बीच यशस्वी जायसवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें क्रिकेटर की मासूमियत की साफ झलक दिखाई दी।

## रांची में जो रुट ने तो हद ही कर दी शतक जड़कर भी नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जो रूट ने टेस्ट के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। दबाव में रूट एकबार फिर निखरे और उन्होंने भारत के खिलाफ 10वां शतक जमाया। हालांकि, शतकीय पारी के बावजूद रूट ने अपने नाम शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज करा लिया है।रांची टेस्ट के पहले दिन शतक जमाने के लिए जो रूट ने 219 गेंदों का सामना किया। टेस्ट क्रिकेट में रूट की यह तीसरी सबसे धीमी सेंचुरी रही। रूट ने ना चाहते हुए भी अपना ही तीन साल पुराना



रिकॉर्ड ध्वस्त किया। रूट ने साल 2021 में लॉर्ड्स के मैदान पर भारत के खिलाफ खेलते हुए 200 गेंदों पर शतक जमाया था।दरअसल, रांची टेस्ट के पहले दिन शतक जमाने के लिए जो रूट ने 219 गेंदों का सामना किया।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने का भुगतना पड़ेगा खामियाजा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलना भारी पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, रणजी में नहीं खेलने पर बीसीसीआई इन दोनों खिलाड़ियों को अपने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर सकता है।भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलने की कड़ी सजा मिलने की संभावना है। बीसीसीआई इन दोनों खिलाड़?यों को अपने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर सकता है। मुंबई के श्रेयस अय्यर के पास ग्रेड बी का अनुबंध है जबकि ईशान के पास ग्रेड सी अनुबंध है। बीसीसीआई जल?द ही केंद्रीय अनुबंध सूची जारी कर सकता है।मुंबई के श्रेयस अय्यर के पास ग्रेड बी का अनुबंध है, जबकि ईशान के पास ग्रेड सी अनुबंध है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित और भारत 'ए' के खिलाड़?यों को घरेलू क्रिकेट



में भाग नहीं लेने पर चेतावनी दी थी।शाह ने कहा था कि सभी के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलना अनिवार्य है। रिपोर्ट के अनुसार, अजीत अगरकर के नेतृत्व में चयनकर्ताओं ने 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़?यों की सूची तैयार कर ली है और इसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी।घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने पर ईशान और श्रेयस को इस सूची से बाहर किए जाने की उम्मीद है। ईशान किशन भारत के लिए आखिरी बार नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध टी-20 सीरीज में खेले थे। पिछले वर्ष वह निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका दौरे से हट गए थे और तभी से वह टीम से बाहर हैं।इस दौरान उन्होंने अपनी घरेलू टीम झारखंड की ओर से रणजी ट्रॉफी में नहीं खेला और कथित तौर पर मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग की थी।वहीं, श्रेयस को भी इंग्लैंड के विरुद्ध बाकी तीन मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। हाल ही में श्रेयस ने पीठ में दर्द का हवाला देते हुए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में मुंबई की ओर से खेलने से मना कर दिया, लेकिन एनसीए ने कहा कि श्रेयस को किसी तरह की चोट नहीं है और वह पूरी तरह फिट हैं।

# सम्पादकीय

## संकटग्रस्त दुनिया को नई चेतावनी आखिर किस बड़ी मुसीबत की ओर इशारा कर रही है 'डूम्सडे क्लॉक'


धरती की जीवनदायिनी क्षमताओं के अधिक संकटग्रस्त होने के बीच हाल ही में वैज्ञानिकों ने नई चेतावनी जारी की है। इसे डूमस्डे क्लाक चेतावनी कहा जा रहा है। विश्व में 'डूमस्डे क्लॉक' अपनी तरह की एक प्रतीकात्मक घड़ी है, जिसकी सुइयों की स्थिति के माध्यम से यह दर्शाने का प्रयास किया जाता है कि विश्व किसी बहुत बड़े संकट की आशंका के कितने नजदीक है। इस घड़ी का संचालन 'बुलेटिन ऑफ एटोमिक साइंटिस्ट्स' नामक वैज्ञानिक संस्थान द्वारा किया जाता है। इसके परामर्शदाताओं में 15 नोबेल पुरस्कार विजेता भी हैं। ये सभी मिलकर प्रति वर्ष तय करते हैं कि इस वर्ष घड़ी की सुइयों को कहां



रखा जाए।इस घड़ी में रात के 12 बजे को धरती पर बहुत बड़े संकट का पर्याय माना गया है। घडी की सुइयां रात के 12 बजे के जितने नजदीक रखी जाएगी, उतने ही बड़े संकट से धरती (व उसके लोगों व जीवों) के संकट की स्थिति मानी जाएगी। 2024 में इन सुइयों को (रात के) 12 बजने में 90 सेकंड पर रखा गया है। संकट के प्रतीक 12 बजे के समय से इन सुइयों की इतनी नजदीकी 2023-24 के अतिरिक्त कभी नहीं रही। दूसरे शब्दों में, यह घड़ी दर्शा रही है कि इस समय धरती किसी बहुत बड़े संकट के सबसे करीब है।डूमस्डे घड़ी' के वार्षिक प्रतिवेदन में इस स्थिति के तीन कारण बताए गए हैं। पहली वजह यह है कि जलवायु बदलाव का संकट बढ़ रहा है। जलवायु बदलाव नियंत्रित करने की संभावनाएं समग्र रूप से धूमिल हुई हैं। दूसरी वजह यह है कि परमाणु हथियार नियंत्रित करने के समझौते कमजोर हुए हैं, जिससे परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ा है। तीसरी वजह यह है कि ए.आई. (आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस) व जेनेटिक इंजीनियरिंग का बहुत दुरुपयोग हो रहा है, जिसका सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन तीन कारणों के मिले-जुले असर से आज विश्व बहुत बड़े संकट की आशंका की दहलीज पर पहुंच चुका है। और इस संकट को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाना जरूरी है। सवाल यह है कि क्या 'डूमस्डे घड़ी' के इस अति महत्वपूर्ण संदेश को विश्व नेतृत्व समय रहते समझेगा? हाल के वर्षों में यह निरंतर स्पष्ट होता रहा है कि अब तो धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में है। जिन कारणों से हजारों वर्षों तक धरती पर विविधतापूर्ण जीवन पनप सका, वे आधार ही संकटग्रस्त हो चुके हैं।इन अति गंभीर समस्याओं के समाधान को सर्वाधिक महत्व पूरे विश्व में मिले, इसे ध्यान में रखते हुए 'धरती रक्षा अभियान' (सेव द अर्थ कैंपेन) आरंभ किया गया है। इस अभियान का व्यापक उद्देश्य धरती की जीवनदायिनी क्षमता की रक्षा करना है। इसके दो विशिष्ट उद्देश्य हैं-पहला, धरती से सभी परमाणु हथियार व महाविनाशक हथियार समाप्त हों व दूसरे, धरती पर तापमान वृद्धि को तय मानक तक सीमित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस अभियान का प्रथम प्रयास यह है कि मौजूदा दशक (2020-30) को वैश्विक स्तर पर 'धरती रक्षा दशक' के रूप में घोषित किया जाए। एक बड़ा सवाल हमारे सामने है कि आखिर इन गंभीर संकटों को समय रहते कैसे कम किया जाए। समय सीमा का सवाल इस कारण भी बहुत बड़ा है, क्योंकि जलवायु बदलाव के साथ टिपिंग पॉइंट भी जुड़े हैं। एक बार यह सीमा पार हो गई, तो फिर स्थितियां नियंत्रण से बाहर निकल सकती हैं। विश्व के शीर्ष विशेषज्ञ बता रहे हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए हमारे पास बस एक दशक बचा है।

# क्या अब पार्दर्शिता आएगी, राजनीतिक फंडिंग पर बाकी हैं कुछ आशंकाएं


इस मामले में याचिकाकर्ताओं की शिकायत यह थी कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और कंपनी अधिनियम के तहत राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता के उद्देश्य को विफल करती है। लेकिन मौजूदा व्यवस्था के अभाव में चुनावी बॉन्ड योजना के खत्म हो जाने पर पारदर्शिता आने के बजाय राजनीतिक फंडिंग के और अधिक अपारदर्शी हो जाने की आशंका है।सर्वोच्च न्यायालय ने वित्त अधिनियम, 2017 में पेश की गई चुनावी बॉन्ड योजना को हाल ही में रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि बॉन्ड संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत सूचना के अधिकार का उल्लंघन करते हैं।




अदालत ने यह भी माना कि असीमित कॉरपोरेट फंडिंग की अनुमति देने वाली कंपनी अधिनियम की धारा 182(1) के प्रावधान को हटाना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, जो कानून के समक्ष समानता का सिद्धांत पेश करता है। शीर्ष अदालत ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से कहा है कि 12 अप्रैल, 2019 तक की गई ऐसी सभी खरीद का विवरण आगामी छह मार्च तक चुनाव आयोग को दें। साथ ही चुनाव आयोग को एसबीआई से मिली सभी जानकारियों को अपनी वेबसाइट पर 13 मार्च तक प्रकाशित करना होगा। चुनावी बॉन्ड योजना के तहत कोई व्यक्ति या संगठन उन्हें खरीद सकता है और अपनी पसंद के राजनीतिक दल को दान कर सकता है। ये दल उन्हें 15 दिन के बाद भुना सकते हैं। इन बॉन्डों को खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए सख्त केवाईसी मानदंड हैं। खरीदारों की पहचान एसबीआई को होती है, जिसके पास इसके लेन-देन का एक समर्पित विंग है।इस मामले में याचिकाकर्ताओं की शिकायत यह थी कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और कंपनी अधिनियम के तहत राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता के उद्देश्य को विफल करती है। लेकिन मौजूदा व्यवस्था के अभाव में चुनावी बॉन्ड योजना के खत्म हो जाने पर पारदर्शिता आने के बजाय राजनीतिक फंडिंग के और अधिक अपारदर्शी हो जाने की आशंका है। दरअसल, कोई भी कंपनी किसी राजनीतिक दल को बड़ा चंदा नहीं देना चाहेगी, और विशेष रूप से खुलेआम ऐसा करते हुए दिखना भी नहीं चाहेगी। इसकी वजह यह नहीं है कि कॉरपोरेट फंडिंग किसी भी तरह से भ्रष्ट या अवैध है, बल्कि यह है कि कोई खास व्यक्ति या कंपनी किसी खास राजनीतिक दल को इसलिए पसंद करती है, क्योंकि उसे लगता है कि उसकी आर्थिक नीतियां एवं विचार अन्य दलों से बेहतर हैं। लेकिन इस व्याख्या को या तो अस्वीकार्य माना जाता है या छोड़ दिया जाता है। स्वतंत्र भारत का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है कि पहले इस तरह के राजनीतिक चंदे गुप्त रूप से या अधिकांशतः भ्रष्ट तरीके से दिए जाते थे। चुनावी बॉन्ड योजना राजनीतिक चंदे के उन अनियमित साधनों को खत्म करने के लिए एक सुधारात्मक योजना थी। बॉन्ड नकद नहीं खरीदे जा सकते थे और उनकी खरीद के लिए सख्त केवाईसी मानदंडों की आवश्यकता थी।यह एक मिथक है कि भारतीय लोकतंत्र 'छोटे दान' से जीवित रह सकता है और बड़े पैमाने पर राजनीतिक अभियान जारी रख सकता है, जो भारतीय राजनीति की विशेषता है। अब समय आ गया है कि भारत को आधुनिक एथेंस के रूप में देखना बंद कर दिया जाए, जहां छोटी-मोटी नकदी और अल्पकालिक चंदा पारदर्शिता के लिए अद्भुत काम करेगी। चुनाव प्रचार में खर्च होने वाली राशि पर विचार करें। वर्ष 2019 के चुनाव में 55 से 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इतनी ज्यादा रकम चुनावों की स्टेट फंडिंग से नहीं आ सकती। आप निश्चिंत हो सकते हैं कि यह पैसा दान से भी नहीं आ सकता है। यह विश्वास कि चुनाव को परोपकारी संरक्षकों द्वारा वित्तपोषित किया जा सकता है, शहरी आख्यान है। भारतीय लोकतंत्र खर्चीला है, लेकिन भारतीय राजनीति को पवित्र करने की इच्छा रखने वाले एक्टिविस्ट वकील इस तथ्य को स्वीकार करने से इन्कार करते हैं।कागज पर अदालत का फैसला 'सूचनात्मक लोकतंत्र' की धारणा को आगे बढ़ाता है, जहां मतदाता राजनीतिक दलों, संबंधित उम्मीदवारों और इन पार्टियों और उम्मीदवारों की नीतियों के बारे में जानकारी के आधार पर विकल्प चुनते हैं।भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आगे कहा, 'प्रभावी ढंग से अपनी पसंद के उम्मीदवार को मतदान करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है।' लेकिन सर्वोच्च अदालत के फैसले से यही लगता है कि न्याय एक बार फिर मुट्ठी भर एक्टिविस्ट वकीलों द्वारा फैलाए गए 'राजनीतिक जाल' में फंस गया है।सवाल यह है कि ऐसी 'बेहतर' जानकारी की उपलब्धता मतदाता की पसंद को किस हद तक प्रभावित करेगी? शहरी क्षेत्रों के एक बेहद छोटे वर्ग को छोड़कर भारत के अधिकांश लोग राजनीतिक फंडिंग के स्रोतों की परवाह नहीं करते। ग्रामीण और अर्ध ग्रामीण भारत में फसलों के लाभकारी मूल्य, खाद-बीज की कीमत, सरकारी नौकरी, शिक्षा के अवसर और जीवन की संभावनाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे महत्वपूर्ण हैं।कुछ अत्यंत भ्रष्ट पार्टियां और राजनेता ये सब चीजें उपलब्ध कराकर सफल हो जाते हैं, जबकि अच्छे उम्मीदवार और पार्टियां विधानसभाओं में प्रवेश नहीं पातीं, क्योंकि वे वह नहीं कर पाते, जो भारतीय राजनीति की उथल-पुथल में आवश्यक है। इसकी संभावना बहुत कम है कि राजनीतिक दलों के फंडिंग स्रोतों का पता चलने से मतदाताओं के 'बेहतर' चुनावी विकल्प चुनने पर कोई प्रभाव पड़ेगा। यह एक और शहरी कानूनी किंवदंती है। अब जबकि लोकसभा के चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं, यह स्पष्ट नहीं है कि चुनावी फंडिंग के मोर्चे पर आगे क्या होगा। लेकिन यह साफ है कि जैसे पानी अपने बहने का रास्ता ढूंढ लेता है, राजनीतिक दल भी फंडिंग कारास्ता ढूंढ लेंगे कई लोगों को इस बात से परेशानी थी कि चुनावी बॉन्ड योजना के तहत दान का एक बड़ा हिस्सा भाजपा की झोली में चला गया। कथित तौर पर यह अन्य राजनीतिक दलों से समान अवसर छीन लेता था। यह उन लोगों की वास्तविक, लेकिन अघोषित शिकायत के मूल में था, जो चुनावी बॉन्ड योजना को गैर-कानूनी घोषित करना चाहते थे। यह याद रखने योग्य है कि भारतीय राजनीति की प्रकृति ऐसी है कि सत्तारूढ़ पार्टी ही राजनीतिक अभियानों के लिए जरूरी अधिकतम संसाधन जुटाती है। यह जवाहर लाल नेहरू के भारत के लिए भी उतना ही सच था, जितना आज है। लेकिन प्रचार की ताकत ऐसी है कि इतिहास के इस पहलू को या तो नकार दिया जाता है या दबा दिया जाता है और अतीत को सुनहरे रंगों में रंग दिया जाता है, जबकि समकालीन वास्तविकता को अंधकारमय बताया जाता है।

## पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए आयोग के गठन से रोजगारपरक समस्याओं के समाधान की उम्मीद

लगभग प्रत्येक राज्य की सेवाओं में पूर्व सैनिकों के लिए तृतीय श्रेणी में पांच फीसदी से 15 फीसदी तक आरक्षण की व्यवस्था है। उत्तर प्रदेश में यह आरक्षण पांच फीसदी है। जातीय एजेंडे की सरकारों ने उत्तर प्रदेश की सिविल सेवा में पूर्व सैनिकों के आरक्षण को जातीय कोटे में बांट दिया है।किसी पूर्व सैनिक को 12 बोर के लाइसेंस के लिए तहसीलों के चक्कर काटते, थाने के कारिंदों की चिरौरी करते देखना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिन्होंने टैंक, तोपें, मिसाइलें चलाई हैं, कमांडो ऑपरेशन किए हैं, वे कचहरी के बाबुओं के सामने असहाय हो रहे हैं। यहां सिफारिश की संस्कृति चलती है, लेकिन नया रिटायर होकर आया पूर्व सैनिक कुछ करना चाहे, तो मुश्किलें रास्ता रोकती हैं।अब तो तीन वर्ष बाद अग्निवीर भी सैन्य सेवा से वापस आने लगेंगे। पिछले हफ्ते संसदीय स्टैंडिंग कमेटी ने सीमा पर बलिदान हुए अग्निवीरों के लिए सरकार को सुझाव दिया है कि उनके परिवार को नियमित सैनिकों की तरह पेंशन फंड दी जाए। उन्हें भी देश/प्रदेश की सेवाओं में समायोजन के आश्वासन दिए गए हैं। यदि यह व्यवस्था अभी से नहीं बनाई गई, तो अचानक सारी व्यवस्थाएं करने में मुश्किलें आ सकती हैं।लगभग प्रत्येक राज्य की सेवाओं में पूर्व सैनिकों के लिए तृतीय श्रेणी में पांच फीसदी से 15 फीसदी तक आरक्षण की व्यवस्था है। उत्तर प्रदेश में यह आरक्षण पांच फीसदी है। जातीय एजेंडे की सरकारों ने उत्तर प्रदेश की सिविल सेवा में पूर्व सैनिकों के आरक्षण को जातीय कोटे में बांट दिया है। अब तक जो सैनिक बिना जातीय आरक्षण के सेना में रहे, उन्हें अब राज्य सरकार की सेवाओं में समायोजन के लिए अपनी जाति बतानी पड़ रही है, जाति-प्रमाणपत्र लेना पड़ रहा है। इन संशोधनों के चलते पहले से चला आ रहा चयन बाधित हो गया है। दूसरी ओर, व्यवस्थागत कमियों के कारण तृतीय श्रेणी में आरक्षण कोटे का पूरी तरह भरा जाना संभव नहीं हो पाता। हालांकि योगी सरकार में स्थिति पहले से कहीं बेहतर हुई है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर समरूप नीतिगत दखल की आवश्यकता है।उधर हथियारों के लाइसेंस मिलने में भी अलग-अलग राज्यों में समस्याएं हैं। नतीजतन सुरक्षा गार्ड की नौकरी मिलने में भी मुश्किलें हो जाती हैं। प्रत्येक पूर्व सैनिक को पेंशन फंड की तरह एक शस्त्र के लाइसेंस का अधिकार भी सेवानिवृत्ति लाभ की तरह दिया जाना चाहिए। पूर्व सैनिकों के पास शस्त्र होने से उनके गांव या मुहल्लों, जहां वे रहते हैं, के नागरिकों को सुरक्षा का आभास होता है।पूर्व सैनिक प्रशिक्षित मानव शक्ति हैं, जो सिविल में पुलिस, सशस्त्र पुलिस, होमगार्ड, वन विभाग, वायरलेस ऑपरेशन, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा आदि विभागों में कई दायित्वों को बखूबी निभा सकते हैं। उनके आने से विभागीय कार्यक्षमताओं में वृद्धि ही होगी। नगर प्रबंधन, ग्राम स्तरीय योजनाओं के संचालन, शिक्षा व्यवस्था आदि में उनकी सक्रिय भागीदारी हो सकती है। पूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय में वह प्रशासनिक शक्ति नहीं है, जिसके तहत वे विभिन्न विभागों से आरक्षित कोटे के भरे जाने के संबंध में प्रगति विवरण मांग सकें। पूर्व सैनिकों के रोजगार, स्थानीय समस्याओं यथा भूमि-विवादों संबंधी विषयों का भी त्वरित समाधान होता नहीं देखा गया है।आधारभूत समस्या यह है कि पूर्व सैनिकों के लिए एक अधिकार प्राप्त मंत्रालय न होने के कारण न तो उच्च स्तरीय समीक्षाएं हो पाती हैं, और न ही विभिन्न विभागों में रिक्तियों की स्थिति का पता चल पाता है। नतीजतन समस्याओं के समाधान के नीतिगत रास्ते नहीं बन पाते। उदाहरण के लिए, पुलिस, वन विभाग, होमगार्ड, शिक्षा आदि कई विभागों में नियुक्तियों केअवसर आते रहते हैं।



# बागपत के चाट युद्ध के पूरे हुए तीन साल एनिवर्सरी पर लोगों ने शेयर किए मजेदार मीम्स

तीन साल पुरे होने पर एक बार फिर सोशल मीडिया पर बागपत चाट युद्ध से जुड़े मजेदार मीम्स वायरल हो रहे हैं, जिसे देखकर सभी की यादें ताजा हो गई है और लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो रहे हैं। आपको यूपी के बागपत में हुआ चाट युद्ध तो याद ही होगा, जब



चाट बेचने वाले दो दुकानदार के बीच सड़क पर जमकर लात-घूसे और लाठियां चली थीं। उस समय सोशल मीडिया पर इस युद्ध का वीडियो जमकर वायरल हुआ था, जिसे देखकर लोगों को खूब मजा आया था। इतने समय बाद भी लोग इस घटना को नहीं भूल पाए हैं। इस घटना के तीन साल पुरे होने पर एक बार फिर सोशल मीडिया पर बागपत चाट युद्ध से जुड़े मजेदार मीम्स वायरल हो रहे हैं, जिसे देखकर सभी की यादें ताजा हो गई है और लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो रहे हैं।'बागपत चाट युद्ध' 22 फरवरी, 2021 को यानी तीन साल पहले दो चाट वालों के बीच हुआ था। इस लड़ाई ने ऐसा रूप लिया कि पूरे बाजार के दुकानदारों ने आपस में लात-घूसे और लाठियां चला दी। आज भी इस लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता रहता है। इसमें आइंस्टीन जैसा हेयर स्टाइल रखने वाले चाचा की भी खूब चर्चा हुई थी। अब इस घटना के तीन साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर इससे जुड़े कई मीम्स वायरल हो रहे हैं, जो लोगों को खूब हंसा रहे हैं।सोशल मीडिया पर लोग इस घटना की वीडियो शेयर करते हुए खूब मजे ले रहे हैं।

# पाकिस्तान में कुछ भी संभव है, क्योंकि सेना की मर्जी पर आई और गई है हर सरकार

सुरक्षा प्रतिष्ठान के करीबी माने जाने वाले सीनेटर मुशाहिद हुसैन (पीएमएल-एन) ने मानो सेना के संकेत पर सीनेट में बिल्कुल सटीक कहा कि यदि पीएमएल-एन, पीपीपी और पीटीआई मिलकर कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो सैन्य मुख्यालय फैसला करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा स्थिति में सबसे बड़ी जिम्मेदारी नवाज शरीफ की है।विगत आठ फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव हुए और उसी दिन आधी रात तक अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के सबसे कद्दावर नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपनी हार की गिनती शुरू कर दी। हालांकि पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ को चौथी बार मुल्क का प्रधानमंत्री बनाने के लिए सुरक्षा प्रतिष्ठान ने उनकी राह की सभी कानूनी बाधाओं को हटा दिया था, लेकिन वह खैबर पख्तुनख्वा प्रांत के मनसेरा एबोटाबाद की अपनी सुरक्षित सीट भी इमरान खान की पीटीआई समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार के हाथों हार बैठे। नवाज शरीफ इस सदमे से अब तक उबर नहीं पाए हैं और सार्वजनिक नजरों से बचते फिर रहे हैं।वास्तव में सुरक्षा प्रतिष्ठान, जिसने विजेताओं की सूची से पीटीआई को बाहर रखने के लिए गैरकानूनी तरीके से हर तरह की कोशिश की, को भारी झटका लगा, क्योंकि कैदी नंबर 804 (जेल में इमरान खान की कैदी संख्या) से जुड़े निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत हासिल की। लेकिन इमरान समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों के पास बहुमत का वह जादुई आंकड़ा नहीं है कि वे केंद्र में सरकार बना सकें। नतीजे घोषित होने के लगभग दो हफ्ते तक पूरा मुल्क और दुनिया भर में हर कोई इंतजार करता रहा, लेकिन राजनेता न तो गठबंधन सरकार बनाने पर




कोई फैसला कर पाए और न ही सहमत हो पाए।कराची शेयर बाजार गिरने लगा और कार्यवाहक सरकार के मुताबिक बजट घाटा बढ़कर 85.4 खरब डॉलर तक पहुंच गया। सुधारों और महत्वपूर्ण विदेशी फंडिंग में देरी के कारण बने गतिरोध ने अंतरराष्ट्रीय बॉन्ड की बिकवाली को बढ़ावा दिया और मुल्क में आर्थिक संकट के और अधिक बढ़ने की विश्लेषकों की आशंका को बल मिला। घटती विदेशी मुद्रा के साथ पाकिस्तान आर्थिक संकट में था, अगले दो महीनों में एक अरब बॉन्ड भुगतान के कारण उस पर और दबाव बढ़ेगा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ उसका तीन अरब डॉलर का फंडिंग कार्यक्रम 12 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। वित्त मंत्रालय के पूर्व सलाहकार और सस्टेनेबल डेवलपमेंट पॉलिसी इंस्टीट्यूट के साजिद अमीन ने कहा कि 'यदि कोई भी पार्टी सामान्य बहुमत नहीं जुटा पाती है, तो पाकिस्तान गंभीर राजनीतिक और आर्थिक संकट के दौर में प्रवेश कर जाएगा।' यह संकट इतना गहरा गया कि आर्थिक पतन से चिंतित सुरक्षा प्रतिष्ठान ने पीपीपी और पीएमएल-एन को एक सख्त संदेश भेजा कि बस बहुत हो चुका, अगर छह दौर की वार्ता के बाद भी वे सरकार की घोषणा नहीं कर पाए, तो वे उनके लिए फैसले लेंगे।रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि सुरक्षा प्रतिष्ठान ने जेल में इमरान खान से बात करने के लिए भी एक मध्यस्थ भेजा कि वह नौ मई, 2023 की तबाही और फौजी प्रतिष्ठानों पर हमले में अपनी भूमिका कबूल कर लें, तो अपने निर्दलीय उम्मीदवारों को सत्ता में शामिल कर सकेंगे और उन्हें इस्लामाबाद स्थित उनके आवास बनिगाला ले जाया जाएगा, जिसे फिलहाल एक उप-जेल में तब्दील कर दिया गया है और जहां उनकी पत्नी बुशरा बीबी को रखा गया है। लेकिन इमरान खान ने अपने प्रसिद्ध दो शब्दों में जवाब दिया-बिल्कुल नहीं। जाहिर है कि पाकिस्तान के इतिहास में सबसे विवादास्पद चुनाव में धांधली करने वाला सुरक्षा प्रतिष्ठान अब हाथ मल रहा है।सुरक्षा प्रतिष्ठान के करीबी माने जाने वाले सीनेटर मुशाहिद हुसैन (पीएमएल-एन) ने मानो सेना के संकेत पर सीनेट में बिल्कुल सटीक कहा कि यदि पीएमएल-एन, पीपीपी और पीटीआई मिलकर कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो सैन्य मुख्यालय फैसला करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा स्थिति में सबसे बड़ी जिम्मेदारी नवाज शरीफ की है। पीपीपी के आसिफ अली जरदारी और पीएमएल-एन के शहबाज शरीफ को जैसे ही सेना का संदेश मिला, आधी रात में जल्दबाजी में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस करके घोषणा की कि अब उनके पास बहुमत साबित करने के लिए जादुई आंकड़ा है और वे गठबंधन सरकार बनाएंगे। शहबाज शरीफ सदन के भावी नेता होंगे, जबकि आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति होंगे। जरदारी यह पद पीपीपी सरकार के दौरान पहले भी संभाल चुके हैं। गठबंधन सरकार की घोषणा के बाद बुधवार सुबह में शेयर बाजार में 1,000 से ज्यादा अंकों की बढ़ोतरी हुई। विश्लेषकों ने इस बढ़त का श्रेय सरकार गठन पर आम सहमति को दिया। नई गठबंधन सरकार का नाम पीडीएम-2.0 रखा गया है। यह वही पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट सरकार है, जिसने अविश्वास प्रस्ताव से इमरान के हटने के बाद करीब एक साल तक शासन किया और जिसे आम नागरिकों के लिए सबसे खराब सरकार के रूप में याद किया जाता है। नवाज शरीफ के लिए परेशानी की बात यह है कि पीपीपी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा बनने से इन्कार कर दिया है, पर पंजाब में राज्यपाल एवं मंत्री पद की मांग की है।पीपीपी का कहना है ।

## संक्षिप्त समाचार

### कालाजार उन्मूलन के मुहाने पर भारत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 'सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण' की पायलट परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इसे 11 राज्यों की 11 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्सों) में संचालित किया जा रहा है। इस दौरान सहकारी क्षेत्र की अन्य कई योजनाओं का भी उद्घाटन एवं शिलान्यास होगा।गोदामों एवं कृषि से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त पांच सौ पैक्सों की नींव रखी जाएगी। परियोजना का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए पैक्सों के गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ संबद्ध करना है। इस पहल को कृषि अवसंरचना कोष एवं कृषि विपणन अवसंरचना जैसी मौजूदा योजनाओं के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा।साथ ही गोदामों एवं कृषि से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त पांच सौ पैक्सों की नींव रखी जाएगी। परियोजना का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए पैक्सों के गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ संबद्ध करना है। इस पहल को कृषि अवसंरचना कोष एवं कृषि विपणन अवसंरचना जैसी मौजूदा योजनाओं के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा, ताकि संबंधित पैक्सों को सब्सिडी और ब्याज अनुदान लेने में सहूलियत हो।सहकारी क्षेत्र को मजबूती देने एवं छोटे किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री 18 हजार पैक्सों में कंप्यूटरीकरण योजना का भी उद्घाटन करेंगे। इस पर ढाई हजार करोड़ रुपये खर्च होने हैं। इससे पैक्सों को निर्बाध कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही राज्य सहकारी एवं जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के जरिए नाबार्ड के साथ जोड़कर उनकी संचालन दक्षता बढ़ाना है, ताकि छोटे एवं सीमांत किसानों को लाभ हो सके। नाबार्ड ने पैक्सों की जरूरतों को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय स्तर का कामन साफ्टवेयर विकसित किया है।

### उपलब्धि के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन को किया गया सूचित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत कालाजार उन्मूलन के मुहाने पर है। देश में पिछले साल सभी ब्लॉकों में प्रति 10,000 आबादी पर विसरल लीशमैनियासिस (वीएल) या कालाजार के एक से भी कम मामले दर्ज किए गए। भारत ने पिछले साल पहली बार यह लक्ष्य हासिल किया।भारत कालाजार उन्मूलन के मुहाने पर है। देश में पिछले साल सभी ब्लॉकों में प्रति 10000 आबादी पर विसरल लीशमैनियासिस



(वीएल) या कालाजार के एक से भी कम मामले दर्ज किए गए। भारत ने पिछले साल पहली बार यह लक्ष्य हासिल किया। एक अधिकारी ने कहा कि इस बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को भारत की इस उपलब्धि के बारे में सूचित कर दिया गया है।इस बीमारी के लक्षणों में बुखार, वजन में कमी, लिवर का बढ़ना और एनीमिया शामिल हैं। भारत ने इस इस बीमारी को वर्ष 2010 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा था। बाद में इसे 2015, फिर 2017 और 2020 तक बढ़ा दिया गया।उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और बंगाल चार कालाजार से सर्वाधिक प्रभावित राज्य रहे हैं। यहां के कुछ ब्लाकों में पिछले दशकों में एक से अधिक मामले दर्ज किए गए। इसी कारण कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने में देरी हुई। लेकिन 2023 में पहली बार लक्ष्य हासिल किया गया।

## नोआखाली से संदेशखाली तक 80 सालों से हो रहा हिंदुओं पर अत्याचार'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भाजपा ने 1946-47 में नोआखली में हिंदुओं के कत्लेआम का आदेश देने वाले बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री सुहरावर्दी से पश्चिम बंगाल की मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना की है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इसे नोआखाली से लेकर संदेशखाली तक 80 साल से चली आ रही हिंदुओं पर अत्याचार की मानसिकता बताया।भाजपा ने 1946-47 में नोआखली में हिंदुओं के कत्लेआम का आदेश देने वाले बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री सुहरावर्दी से पश्चिम बंगाल की मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आइएनडीआइए गठबंधन का सिर्फ बयान ही नहीं, बल्कि अभियान है। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार जिस तरह से तत्कालीन मुख्यमंत्री सुहरावर्दी के संरक्षण में हिंदुओं पर अत्याचार होता था, वैसा ही आज ममता बनर्जी की सरकार के संरक्षण में हो रहा है।उन्होंने कहा कि तृणमूल के संरक्षण में पल रहे शाहजहां और उसके खास शेख सिजाजुद्दीन और जहांगीर जैसे अपराधी तत्वों के कारण बंगाल में सिराजुद्दौला का जमाना लौटने का अहसास हो रहा है। विडंबना यह है कि ममता बनर्जी द्वारा गठित एसआइटी पीड़ित महिलाओं को न्याय देने के बजाय



तुलना की है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कर्नाटक में मंदिरों पर टैक्स का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को खत्म करने का आइएनडीआइए गठबंधन का सिर्फ बयान ही नहीं बल्कि अभियान है।कर्नाटक में मंदिरों पर टैक्स का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को खत्म करने का उनपर ही दबाव बना रही है।सुधांशु त्रिवेदी ने संदेशखाली की घटना पर लेकर विपक्षी नेताओं, महिला व मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इससे ऐसा लग रहा है कि शाहजहां शेख जैसे कट्टरपंथी और आपराधिक प्रवृति के लोगों को पूरे भारत में सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है।

## इंफाल की डीएम यूनिवर्सिटी में हुआ विस्फोट हादसे में एक व्यक्ति की मौत और एक गंभीर रूप से घायल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**इंफाल।** इंफाल में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।इंफाल में डीएम यूनिवर्सिटी एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई।यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय



परिसर के पास हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन के कार्यालय के पास हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है।पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड के पास हुआ।पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना गया था।विस्फोट के बाद सुरक्षा बल तुरंत इलाके में पहुंचे और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।इस बीच एक नागरिक समाज संगठन के परिसर में भी आगजनी और गोलीबारी की भी खबर है।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने रायसीना डायलॉग के मौके पर चेक गणराज्य, रोमानिया, भूटान के समकक्षों से मुलाकात की

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2024 से इतर चेक गणराज्य, रोमानिया और




भूटान के अपने समकक्षों से मुलाकात की। चेक गणराज्य के विदेश मंत्री ने जयशंकर के साथ भारत-चेक संबंधों में सहयोग के क्षेत्रों की खोज की।सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने लिखा के मौके पर चेक गणराज्य के एफएमर्' ह्न्थ्र्ज्न्ब्ब् के साथ बैठक एक अच्छा जायजा लेने वाली थी। हमने पीएम पीट फियाला की हालिया यात्रा के बाद प्रगति की सराहना की और सहयोग के आगे के क्षेत्रों की खोज की। क्षेत्रीय अंतर्दृष्टि सुनना उपयोगी था। इस बीच जयशंकर ने आज पहले रोमानिया के अपने समकक्ष से भी मुलाकात की।इस बीच, जयशंकर ने आज पहले रोमानिया के अपने समकक्ष से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर लिखा, ठअपनी पहली रायसीना यात्रा पर रोमानिया की विदेश मंत्रीका स्वागत किया। गहरे भारत-रोमानिया सहयोग के लिए उनके उत्साह से प्रभावित हूं। इसका पूरा प्रतिदान करूंगा और निकट संपर्क में रहूंगा।ठजयशंकर ने भूटान के विदेश मंत्री डीएन धुंगयेल का पदभार संभालने के बाद उनकी पहली भारत यात्रा पर भी स्वागत किया। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, कार्यभार संभालने के बाद भारत की पहली यात्रा पर डी.एन. धुंगयेल का स्वागत किया।उन्होंने कहा, में उनकी भागीदारी और आज शाम हमारी सार्थक बैठक क्ष्गुंप्दल्प्ददइ्रॅ और हमारी अनूठी साझेदारी के अनुरूप थी। उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।ठ विदेश मंत्री ने मॉरीशस के विदेश मंत्री से भी मुलाकात की और दोनों नेताओं ने हमारे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने का अवसर लिया।विदेश मंत्री ने एक पोस्ट में कहा, ों मॉरीशस के एफएम की भागीदारी बहुत स्वागत योग्य थी। इसने समुद्री सुरक्षा और वैश्विक व्यवस्था की प्रकृति से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने का अवसर लिया।रायसीना डायलॉग 2024 में नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने भी हिस्सा लिया। एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने सऊद का स्वागत करते हुए बैठक की एक तस्वीर साझा की, और लिखा, में भारत के पड़ोसियों की उपस्थिति स्वाभाविक है। इस कार्यक्रम में एफएम का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी सक्रियता को देखकर खुशी हुई रायसीना कार्यक्रमों में भागीदारी। हमारी बातचीत ने हमारे संबंधों के सकारात्मक प्रक्षेप पथ की पुष्टि की।

## भाजपा नेता पूनावाला ने मालदा में दुष्कर्म की घटना का किया दावा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तीखा हमला बोला। संदेशखाली में कथित भयावह घटनाओं पर विवाद के बीच पूनावाला ने मालदा जिले में एक दुष्कर्म की घटना का दावा किया है।भाजपा नेता पूनावाला ने मालदा में ताजा दुष्कर्म की घटना का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई भी महिला सुरक्षित नहीं है। भाजपा नेता ने पोस्ट में लिखा कि मालदा में यह पहला ऐसा मामला नहीं है। हाल ही में दुष्कर्म और हत्या के बाद 25 वर्षीय महिला का अर्धनग्न शव मिला था। इस बीच टीएमसी का एक प्रतिनिधिमंडल संदेशखाली में स्थानीय लोगों से मिलने पहुंचे।पूनावाला नें (पूर्व में ट्विटर) के साथ बेजान पाई गई थी।'



पर एक पोस्ट में दावा करते हुए लिखा 'संदेशखाली हो या मालदा, बंगाल में कोई भी महिला सुरक्षित नहीं है। क्रूर दुष्कर्म और हत्या के एक अन्य मामले में, नौवीं कक्षा की एक आदिवासी छात्रा, ओल्ड मालदा विधानसभा के भाबुक गांव में एक ईंट भट्ठे में, चेहरे को कुचले जाने उन्होंने आगे आरोप लगाया कि दुष्कर्मियों को बचाया जा रहा है, जिलों में इसी तरह की घटनाएं हुई हैं।भाजपा नेता ने पोस्ट में लिखा 'मालदा में यह पहला ऐसा मामला नहीं है। हाल ही में दुष्कर्म और हत्या के बाद 25 वर्षीय महिला का अर्धनग्न शव मिला था।'जानकारी देंगे।'

## एक जुलाई से लागू होंगे नए आपराधिक कानून

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** औपनिवेशिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जगह भारतीय न्याय प्रणाली के नए युग का एक जुलाई से आगाज हो जाएगा। सरकार ने शनिवार को बताया कि तीन नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू होंगे और यह औपनिवेशिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जगह लेंगे।औपनिवेशिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जगह भारतीय न्याय प्रणाली के नए युग का एक जुलाई से आगाज हो जाएगा। सरकार ने शनिवार तीन नए आपराधिक कानून से लागू होने की तारीख का एलान किया। बता दें कि सरकार ने बताया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय न्याय संहिता 2023 एक जुलाई 2024 से लागू होंगे।समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय न्याय संहिता 2023, एक जुलाई, 2024 से लागू होंगे।गृह मंत्रालय ने नए आपराधिक कानूनों के लागू होने की तारीखों को लेकर तीन अधिसूचनाएं जारी की हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में इन कानूनों को पारित किया गया था और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति की भी मंजूरी मिल गई थी। इसके बाद अब गृह मंत्रालय ने इस कानूनों के लागू होने की तारीख भी बता दी। नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद अंग्रेजों के जमाने के कानून समाप्त हो जाएंगे। इसी के साथ इस कानून में राजद्रोह को खत्म कर दिया गया है।

## असम सरकार ने खत्म किया मुस्लिम विवाह अधिनियम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**आसम की हिमंता सरकार ने समान नागरिक कानून की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। दरअसल, उनकी अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मुस्लिम विवाह और तलाक अधिनियम भी हटा दिया गया है।सरल शब्दों में कहें तो, अब असम में सभी शादियां और तलाक स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत ही होंगे। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए मंत्री जयंत मल्लाबरुआ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अब मुस्लिम विवाह




1935 को रद्द करने का फैसला किया गया है।असम कैबिनेट ने शुक्रवार को मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम 1935 को निरस्त करने की मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस कदम से सरकार को राज्य में बाल विवाह रोकने में मदद मिलेगी। अब असम में मुस्लिम विवाह स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत रजिस्टर होंगी। राज्य में 94 मुस्लिम रजिस्ट्रार को और तलाक से जुड़े सभी मामले स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत ही सुलझाए जाएंगे।इस एक्ट के तहत अब कोई भी मुस्लिम विवाह रजिस्टर नहीं होगा। मंत्री जयंत मल्लाबरुआ ने बताया कि मुस्लिम मैरिज एक्ट के तहत काम कर रहे 94 मुस्लिम रजिस्ट्रार भी हटा दिए गए हैं। मुस्लिम विवाह और तलाक के मुद्दे रजिस्टर करने का अधिकार जिला आयुक्त और रजिस्ट्रार को होगा।

## कर्नाटक में मंदिरों की आय पर कर संबंधी विधेयक विधान परिषद में खारिज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को विवादास्पद कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक, 2024 के मामले में झटका लगा है। सदस्यों द्वारा इसके खिलाफ मतदान करने के बाद विधेयक को खारिज कर दिया गया।विधेयक का विरोध करते हुए परिषद में विपक्ष के नेता कोटा श्रीनिवास पुजारी ने कहा कि मंदिरों की आय से 10 फीसदी राशि



इस विधेयक का उद्देश्य अधिक आय वाले मंदिरों से कुल आय का 10 प्रतिशत कर के रूप में लेना था। विधान परिषद में शुक्रवार को यह विधेयक पारित नहीं हो सका। जैसे ही भाजपा और जद (एस) के सदस्यों ने आपत्ति जताई, परिषद के उपाध्यक्ष एम.के. प्रणेश ने ध्वनि मत का आह्वान किया। विपक्षी वसूलना उचित नहीं है। पुजारी ने कहा कि विधेयक का प्रविधान है कि यदि मंदिरों की कमाई 100 करोड़ रुपये की होती है 10 करोड़ रुपये सरकार को दिए जाने चाहिए। लेकिन पहले खर्च में कटौती करनी होगी और फिर सरकार अपना हिस्सा ले सकती है।

## मणिपुर में कुकी-जो पुलिसकर्मियों का मैतेयी बहुल इलाकों में ट्रांसफर करने पर विरोध

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**इंफाल।** मणिपुर में आदिवासियों की शीर्ष संस्था इंडीजिनयस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आइटीएलएफ) ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की। ने गृह मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि मणिपुर की हिंसा के कारण



शुक्रवार को 100 से अधिक कुकी-जो आदिवासी पुलिसकर्मियों का मैतेयी बहुल इलाकों में स्थानांतरण करने पर कड़ा विरोध जताया। संस्था ने आदेश को पुलिसकर्मियों के लिए मौत का फरमान बताते हुए राज्य में समुदाय जातीय आधार पर बंट गए हैं। अभी हाल ही में तीन आदिवासी सुरक्षा कर्मियों को मैतेयी समुदाय के लोगों ने हमला कर बर्बरतापूर्वक पर पीटा था।

## चुनाव में पैसों का दुरुपयोग नहीं करेंगे बर्दाश्त

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की जायजा लेने के क्रम में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त आयुक्त ने इस दौरान प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्क रहने और नकदी एवं मुफ्त वितरण रोकने के निर्देश भी दिए। मुख्य चुनाव आयुक्त




राजीव कुमार शनिवार को तमिलनाडु पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को भी अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादे करने का अधिकार है। वहीं, मतदाताओं को भी पार्टियों द्वारा आश्वासनों की पूर्ति के बारे में जानने का पूरा अधिकार है।भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों को भी अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादे करने का अधिकार है। वहीं मतदाताओं को भी पार्टियों द्वारा आश्वासनों की पूर्ति के बारे में जानने का पूरा अधिकार है। मुख्य चुनाव ने इस दौरान प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्क रहने और नकदी एवं मुफ्त वितरण रोकने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में अधिकांश राजनीतिक दलों ने एक ही चरण में चुनाव कराने की मांग की है।चुनाव आयोग बहुत गंभीर है और सभी जिला कलेक्टरों एवं सभी प्रवर्तन एजेंसियों को इस बारे में बताया गया है कि हम भ्रष्टाचार मुक्त चुनाव चाहते हैं। हम स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव चाहते हैं। प्रलोभन मुक्त से हमारा मतलब है कि चुनाव में धन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।- राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त

## 'हम सभी के लिए समय आ गया है सांसद नरसापुरम सांसद रघु रामकृष्ण ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**अमरावती।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के सांसद रघु रामकृष्ण राजू ने शनिवार को पार्टी से अपना नाता खत्म कर लिया। वाईएसआरसीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी को संबोधित एक पत्र में, राजू ने कहा कि समय आ में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से हाथ मिला लिया। हालांकि, 2019 में, वह फिर से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी में चले गए।रघु ने 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के वेटुकुरी वेंकट शिव राम राजू के खिलाफ 31,909 वोटों के बहुमत के साथ नरसापुरम निर्वाचन




गया है कि दोनों को एक बार और हमेशा के लिए 'अप्रिय' जुड़ाव से खुद को मुक्त कर लेना चाहिए।वाईएसआरसीपी के नरसापुरम से सांसद रघु रामकृष्ण ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रघु राम कृष्णा आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के नरसापुरम निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं। 2014 में लोकसभा चुनावों में पार्टी के नामांकन को सुरक्षित करने में सक्षम नहीं होने के बाद उन्होंने वाईएसआरसीपी छोड़ दी। 2018 में उन्होंने बीजेपी से हाथ मिला लिया। हालांकि वह फिर से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी में चले गए।बता दें कि रघु राम कृष्णा आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के नरसापुरम निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं। 2014 में, लोकसभा चुनावों में पार्टी के नामांकन को सुरक्षित करने में सक्षम नहीं होने के बाद उन्होंने वाईएसआरसीपी छोड़ दी। 2018 क्षेत्र जीता। कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि नरसापुरम सांसद का सीएम जगन मोहन रेड्डी के साथ कई मुद्दों पर मतभेद रहा है।रेड्डी को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा 'मुझे मेरी संसदीय सदस्यता से अयोग्य घोषित कराने के लिए मोहम्मद गजनी की तरह आपके कई और लगातार प्रयासों का आज तक वांछित परिणाम नहीं मिला है। हालांकि, हर बार जब आपने प्रयास किया, तो मैंने भी उतना ही प्रशंसनीय, सकारात्मक और उससे भी अधिक शक्तिशाली प्रयास किए। आपकी शत्रुता और मुझे शारीरिक रूप से खत्म करने के दुर्भावनापूर्ण क्रूर कृत्यों के बावजूद, मैंने पिछले 3.5 वर्षों से नरसापुरम में अपने निर्वाचन क्षेत्र और इसके समग्र विकास के साथ-साथ इसके घटकों के लिए समान रूप से प्रशंसनीय, सकारात्मक और यहां तक कि अधिक शक्तिशाली प्रयास किए हैं।

## हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी को बताया तानाशाह, उत्तर कोरिया के किम जोंग उन से की तुलना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** मुंबई युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी के दावे पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सकता है कि उन्हें अच्छा फोटोजैनिक लगना चाहिए। वह है उत्तर कोरिया पर शासन करने वाला।कांग्रेस नेता जीशान सिद्दीकी




सरमा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उनकी तुलना उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन से की। सीएम सरमा ने कहा कि मुझे लगता है कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से ऐसी बेकार की मांगें सिर्फ एक ही आदमी कर ने दावा किया था कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं नांदेड़ में राहुल गांधी से मिलना चाहता था लेकिन राहुल गांधी के करीबी एक व्यक्ति ने कहा पहले 10 किलो वजन करो फिर राहुल गांधी से मिलवाऊंगा। उन्होंने कहा कि मैं आपका विधायक हूं मुंबई युवा कांग्रेस का प्रमुख हूं।


## सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग में सलमान खान का दिखा स्वैग मां सलमा को बार-बार चूमते नजर आए एक्टर फैंस बोले- राजा बेटा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सुपरस्टार एक्टर सलमान खान का जलवा हर जगह देखने को मिलता है। चाहे बॉक्स ऑफिस हो या सोशल मीडिया या फिर पब्लिक प्लेस, उनका स्टाइल और चार्म ही ऐसा है कि वह लोगों का अटेंशन जरूर खींचता है। ऐसा ही कुछ एक बार फिर देखने को मिला, जब सबके चहेते 'भाईजान' ने सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग मैच अटेंड किया। यहां से उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है।बॉलीवुड एक्टर सलमान खान फिल्मों के साथ-साथ परिवार को भी पूरा वक्त देते हैं। बिजी शेड्यूल से टाइम निकालकर एक्टर फैमिली के साथ खास पल बिताने का मौका नहीं छोड़ते। वह अपने भाई-बहनों और पेरेंट्स के काफी क्लोज हैं और अक्सर उन पर प्यार लुटाते नजर आते हैं। इसकी एक बानगी सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग से हाल में शेयर किए गए वीडियो में देखने को भी मिली।सलमान खान अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को भी बहुत महत्व देने के लिए जाने जाते हैं। वह अपनी फैमिली से काफी कनेक्टेड हैं। इसकी एक बानगी वायरल हो रहे वीडियो में देखने को मिली। इस वीडियो में सलमान अपनी मां सलमा खान, भांजे आहिल और भांजी आयत पर खूब सारा प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। मगर जिस बात ने लोगों का ध्यान सबसे ज्यादा अपनी ओर खींचा है, वह है मां-बेटे का प्यार।सलमान खान ने इंस्टा पर ये वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने अपने बॉडीगार्ड्स के साथ अपने सिग्नेचर स्टाइल में क्रिकेट लीग में एंट्री ली। इसके बाद वह अपनी मां की तरफ बढ़े और उन्हें प्यार से गालों और नाक पर किस करते नजर आए। उनकी मां सलमा भी उन पर खूब स्नेह लुटाती नजर आईं।इसके बाद भाईजान भांजे आहिल और भांजी आयत की ओर बढ़े, जो अपने मामू को फ्रेंच फ्राइज खिलाते दिए। सलमान खान का ये वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। किसी ने उन्हें 'राजा बेटा', तो किसी ने 'फैमिली मैन' कह कर उनकी तारीफ की। एक यूजर ने कमेंट किया, 'भाईजान आपकी सेहत हमेशा अच्छी बनी रहे। दुआ रहेगी मेरी।'यह मैच 'मुंबई हीरोज' और 'केरला स्ट्राइकर्स' टीम के बीच था। मुंबई हीरोज टीम के सदस्य रितेश देशमुख, सुनील शेट्टी, सोहेल खान, आफताब शिवदासानी, बॉबी देओल, जय भानुशाली, साकिब सलीम और राजा भेरवानी हैं। वहीं, केरला स्ट्राइकर्स टीम में कुंचाको बोबन, आसिफ अली, उन्नी मुकुंदन, अर्जुन नंदकुमार, सिद्धार्थ मेनन, विजय येसुदास, प्रजोद कलाभवन और शफीक रहमान हैं।सलमान खान को आखिरी बार मनीष शर्मा की फिल्म 'टाइगर 3' में देखा गया था। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें, तो वह विष्णुवर्धन की 'द बुल' में नजर आएंगे।



## फिर चार्ज हुई फिल्म की बैटरी शुक्रवार को बंपर उछाल के साथ कर डाली इतनी मोटी कमाई


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रोमांस और कॉमेडी से भरपूर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' का यूनिक कांसेप्ट लोगों को काफी पसंद आ रहा है। शाहिद और कृति की सिजलिंग परफार्मेंस से सजी ये मूवी रिलीज देखने को मिला।शाहिद की फिल्म के कलेक्शन में कुछ उतार चढ़ाव जरूर देखा जा रहा है। इसके बावजूद 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' का बॉक्स ऑफिस एंटरटेनमेंट बरकरार है। एक आम इंसान और रोबोट की लव




के दो हफ्ते बाद भी ऑडियंस को थिएटर तक खींच लाने में कामयाब नजर आ रही है।बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमे शाहिद कपूर और कृति सेनन की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया भी शामिल है जिसका कांसेप्ट लोगों की नजरों में बना हुआ है। दो आम इंसानों की लव स्टोरी न होकर फिल्म एक रोबोट और आम आदमी के बीच के पर्सनल मोमेंट्स को दिखाती है। मूवी की शुक्रवार की कमाई में उछाल स्टोरी जहां लोगो को हंसा हंसाकर लोट पोट कर रही है, वहीं बॉक्स ऑफिस पर भी मोटी कमाई कर रही है।फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' पिछले दो दिन से 1.7, 1.8 करोड़, इस तरह की कमाई कर रही है। गुरुवार के फिल्म का डोमेस्टिक बिजनेस काफी लो रहा। वहीं, शुक्रवार को एक बार फिर फिल्म पर धन वर्षा हुई और ठीकठाक स्पीड से छलांग लगाते हुए फिल्म ने तगड़ी कमाई की।

## संजय लीला भंसाली की फिल्मों की खासियत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** शानदार सेट, शाही किरदार, गानों में गहराई और दमदार कहानी संजय लीला भंसाली की फिल्मों की खासियत यहीं खत्म नहीं होती है। एडिटर और असिस्टेंट बनकर अपना करियर शुरू करने वाले भंसाली आज सिनेमा के मंझे हुए निर्देशक हैं। उन्होंने सिनेमा को हम दिल दे चुके सनम, देवदास, पद्मावत, राम-लीला और ब्लैक जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाकर इतिहास रच दिया। सिनेमा जगत के बेहतरीन फिल्म निर्देशकों में से एक संजय लीला भंसाली आज 64 साल के हो गए हैं। वह इंडस्ट्री के उम्दा निर्देशक हैं जो भले ही कैमरे के पीछे काम करते हैं लेकिन पर्दे पर सिर्फ उनका ही अक्श दिखता है। भंसाली की फिल्मों की तरह उनके इंडस्ट्री में आने की कहानी भी बड़ी दिलचस्प हैसंजय लीला भंसाली आज यानी 24 फरवरी 2024 को अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम आपको बताने जा रहे हैं कि भंसाली निर्देशन से पहले क्या करते थे? उन्होंने अपना करियर कैसे शुरू किय उनका बचपन कैसा बीता? जानिए यहां 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्मे भंसाली के पिता नवीन भंसाली भी प्रोड्यूसर हुआ करते थे, जिन्होंने जहाजी लुटेरा (1958) जैसी फिल्मों का निर्माण किया था। पिता भले ही ग्लैमर वर्ल्ड से जुड़े रहे, लेकिन हालत मंदी रही। बचपन से ही छोटा और बेरंग मकान देखा, गरीबी में गुजारा किया। संजय लीला भंसाली का बचपन गरीबी में बीता। वह और उनकी बहन अपने माता-पिता के साथ चॉल में रहा करते थे। मां कपड़े सिलकर गुजारा करती थीं। साल 2019 में फिल्म कंपैनियन को दिए एक इंटरव्यू में भंसाली ने




खुलासा किया था कि उनका बचपन कैसा बीता था। उन्होंने कहा था-एक और इंटरव्यू में संजय लीला भंसाली ने कहा था कि छोटे से घर में उनका दम घुटता था, क्योंकि उन्हें क्लॉस्टेरोफोबिया (बंद जगह में डर लगना) था। हालांकि, पारिवारिक परिस्थितियों के चलते वह उस हाल में रहने के लिए मजबूर थे।

## सार ने रीक्रिएट किया 'ढल गया दिन' गाना, फैंस बोले- शर्मिला टैगोर की कॉपी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सारा अली खान अपने अभिनय के जरिए फैंस के दिलों पर राज करती हैं। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया पर भी अपनी इंस्टाग्राम पर बैडमिंटन खेलते हुए 'ढल गया दिन' गाने को रीक्रिएट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस पिंक कलर की पोल्का डॉट्स प्रिंटेड शिफॉन



पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी चीजें उनके साथ शेयर करती रहती हैं। कभी कमसिन अदाएं दिखाते हुए तस्वीरें, तो कभी ट्रैवल वीडियो दिखाती हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। अब एक बार फिर उन्होंने हाल ही में बैडमिंटन खेलते हुए ढल गया दिन गाने को रीक्रिएट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को देखने के बाद फैंस को शर्मिला टैगोर की याद आ गई है और वो एक्ट्रेस को उनकी कॉपी बता रहे हैंअब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को देखने के बाद फैंस ने सारा को शर्मिला टैगोर की कॉपी बता दिया।सारा अली खान ने अपने साड़ी पहने दिखाई दे रही हैं और साथ ही उन्होंने बालों का हेयर स्टाइल 70-80 के दशक की एक्ट्रेस जैसा बनाया हैइस वीडियो को शेयर करते हुए सारा ने कैप्शन में लिखा, 'रियल वर्सेस रील। बिहाइंड द सीन्स में है असली फील'। वीडियो देखने के बाद अब सेलेब्स और फैंस इस पर कमेंट करते हुए अपना रिएक्शन दे रहे हैं। सबा पटौदी ने कैप्शन में रेड हार्ट वाले इमोजी शेयर किए। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'शर्मिला जी की कॉपी'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप बहुत सुन्दर लग रही हैं'सारा के वर्क फ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस बहुत जल्द फिल्म 'मर्डर मुबारक' और 'ए वतन मेरे वतन' में दिखाई देने वाली हैं।

## मनोज बाजपेयी ने बॉलीवुड में तय किया 30 साल सफर

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। मनोज बाजपेयी बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के वो अभिनेता हैं, जो फिल्मों में अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ने के लिए जाने जाते हैं। अपने एक्टिंग करियर के दौरान उन्होंने शूल और द फैमिली मैन जैसी वेब सीरीज और कई मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है।हिंदी सिनेमा के मंजे हुए कलाकारों के सूची में मनोज बाजपेयी का नाम हमेशा टॉप पर शामिल रहता है। फिल्म बैंडिट क्वीन से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले मनोज ने हिंदी सिनेमा में 30 साल का शानदार सफर तय कर लिया है। इस खास मौके का जश्न विदेशी सरजमीं पर मना। इस दौरान उनके साथ साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन भी नजर आए हैं।हिंदी सिनेमा जगत में मनोज बाजपेयी ने बतौर कलाकार 30 साल का शानदार सफर पूरा कर लिया है, जिसका जश्न विदेशी धरती बर्लिन में मना है। इसके अलावा एक्टर के साथ साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ भी दिखे हैं।मौजूदा समय में मनोज बाजपेयी जर्मनी की राजधानी बर्लिन में मौजूद हैं। यहां आयोजित 74वें बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्म द फैबल का प्रीमियर रखा गया।

## जल्द आने वाले हैं इन वेब सीरीज के नए सीजन


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हिंदी के साथ-साथ आजकल दर्शकों के बीच हॉलीवुड मूवी और वेब सीरीज देखने का क्रेज भी काफी बढ़ गया जल्द रिलीज होने वाले हैं और यह सीजन आते ही ओटीटी पर तहलका मचा देंगे।आज हम उन हॉलीवुड वेब सीरीज के बारे में जानेंगे, जिनके अपकमिंग सीजन




है। रोमांस से लेकर मिस्ट्री तक कई हॉलीवुड वेब सीरीज हैं, जो दर्शकों को काफी पसंद हैं।हॉलीवुड वेब सीरीज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। कई ऐसी इंग्लिश वेब सीरीज हैं जिनके कई सीजन हिट हो चुके हैं और अब लोग उनके नए सीजन का इंतजार कर रहे हैं। आज हम यहां कुछ ऐसी ही फेमस हॉलीवुड वेब सीरीज के बारे में बताने वाले हैं जिनके नए सीजन जल्द ही ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।हम उन हॉलीवुड वेब सीरीज के बारे में जानेंगे, जिनके अपकमिंग सीजन जल्द रिलीज होने वाले हैं और यह सीजन आते ही ओटीटी पर तहलका मचा देंगे।मैरेड टायर्स, ल्यूक रोलासन, बिलाल हसना, सोफिया ऑक्सेनहैम, सियोभान मैकस्वीनी और रॉबी जी स्टारर 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी सीजन 2' सीरीज 6 मार्च, 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आने वाला है।इस इमर्सिव डॉक्यूमेंट्री सीरीज का दूसरा सीजन 6 मार्च को नेटफ्लिक्स पर आने वाला है। इसमें सीजन के दौरान कोर्स के अंदर और बाहर पेशेवर गोल्फ खिलाड़ियों की प्रतियोगिता देखने को मिलने वाली है।

## डिमरी ने 8 साल पहले यूट्यूब से की थी शुरुआत, 20 मिनट के रोल से रातों-रात चमक गई किस्मत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इस समय अगर किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस का नाम चर्चा में बना हुआ है तो वह सिर्फ समय बॉलीवुड की फेवरेट एक्ट्रेस में शुमार हो गई हैं। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म में जोया का किरदार अदा कर तृप्ति ने हर किसी का दिल



और सिर्फ में हैं। बीते साल के अंत में सुपरस्टार रणबीर कपूर के साथ फिल्म एनिमल से तृप्ति ने सनसनी मचा दी और उन्हें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक नए मुकाम पर पहुंचा दिया।तृप्ति डिमरी इस जीता लिया और इस मूवी के बाद वह रातों-रात सुपरस्टार बन गईं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिल्मों से पहले ने एक यूट्यूब चैनल के जरिए अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी।23 फरवरी यानी आज तृप्ति डिमरी अपना बर्थडे मना रही हैं। ऐसे में जन्मदिन स्पेशल के तौर पर आज हम आपको उनसे जुड़े कई रोचक किस्से बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं कि तृप्ति ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कैसे की।आज के दौर में तृप्ति डिमरी को हर कोई बॉलीवुड अदाकारा के रूप में जानता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मूल रूप से उत्तराखंड के एक गांव की रहने वालीं तृप्ति ने दिल्ली से कॉलेज किया है। इस दौरान शुरुआत से ही उन्हें एक्ट्रेस बनने का शौक था और इसका सबूत उनका एक वीडियो है।दरअसल हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री बनने से पहले तृप्ति डिमरी विपरा डायलॉग्स नाम के एक यूट्यूब चैनल पर वाइन वीडियो बनाती थीं। इस वीडियो में वह अपनी एक्टिंग का हुनर दिखाती हुई नजर आ रही हैं।दिल्ली के जनपथ मार्केट पर शॉपिंग की थीम पर बना तृप्ति डिमरी का ये मजेदार वीडियो 8 साल पहले 2016 में अपलोड किया गया था। तब से लेकर अब तक आप इस बात का अनुमान आसानी से लगा सकते हैं कि तृप्ति का लुक कितना अधिक बदल गया है।

## थिएटर के बाद 'द केरल स्टोरी' ने ओटीटी पर भी काटा गदर हासिल की ये बड़ी उपलब्धि

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** डायरेक्टर सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी फिल्म द केरल स्टोरी ने बीते साल सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक कामयाबी का परचम लहराया। अदा शर्मा स्टारर इस को हाल ही में 16 फरवरी के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया है। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के बाद से इस मूवी को ऑडियंस की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। थिएटर के बाद अब ओटीटी पर भी द केरल स्टोरी




मूवी को हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया है।अदा शर्मा स्टारर मूवी द केरल स्टोरी ने सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमाए रखी। हाल ही में इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज किया गया है। ऐसे में अब खबर आ रही है कि ओटीटी रिलीज के तीन दिन के अंदर में द केरल स्टोरी ने ऑनलाइन वॉचटाइम के मामले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।ओटीटी पर दस्तक देने के कुछ ही दिन के भीतर द केरल स्टोरी ने एक बड़ा रिकॉर्ड बनाते हुए खास उपलब्धि हासिल की है। ऐसे में आइए जानते हैं कि ओटीटी पर अदा शर्मा की इस फिल्म ने क्या नया करिश्मा कर के दिखाया है। अदा शर्मा की द केरल स्टोरी हर किसी की मनोरंजन करती हुई नजर आ रही है।इस बीच इंस्टेंट बॉलीवुड तकी तरफ से द केरल स्टोरी को लेकर बड़ी जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि ओटीटी रिलीज के तीन दिन के भीतर इस फिल्म को 150 मिलियन से अधिक का मिनट वॉचटाइम मिला है, जोकि एक बड़ा रिकॉर्ड है।पहले तीन दिन में डिजिटिल प्लेटफॉर्म पर द केरल स्टोरी ने ये कारनामा कर इतिहास रच दिया है। ऐसे में ये साफ कहा जा सकता है कि सिनेमाघरों के बाद अदा शर्मा की इस फिल्म ने ऑनलाइन भी बंपर सफलता हासिल कर ली है। फिल्म द केरल स्टोरी की अपार सफलता के बाद अदा शर्मा एक बार फिर से डायरेक्टर सुदीप्तो सेन और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह के साथ काम करती हुईं नजर आएंगी।

## विक्रांत और शीतल ठाकुर ने दिखाई बेटे की पहली झलक, लाडले का रखा ये नाम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 12वीं फेल' एक्टर विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर ने इसी महीने 7 फरवरी को अपने और शीतल ने सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के साथ उसकी पहली झलक भी शेयर कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने अपने लाडले का



पहले बच्चे का दुनिया में स्वागत किया है। इस बात की जानकारी खुद एक्टर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दी थी।इन दिनों अपने पेरेंटहुड को एन्जॉय कर रहे हैं। इस कपल ने हाल ही में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। बेटे के जन्म के 16 दिन बाद अब विक्रांत नाम भी रिवील कर दिया।इस न्यूज के आने के बाद सेलेब्स से लेकर फैंस तक ने उन्हें बधाई दी थी। अब बेटे के जन्म के 16 दिन बाद विक्रांत और शीतल ने अपने फैंस को लाडले की पहली झलक दिखा दी है और साथ ही उसका नाम भी रिवील कर दिया है।

## क्षलक दिखला 11 के फिनाले से पहले धनश्री वर्मा पर टूटा दुखों का पहाड़

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं। डांसिंग रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 में धनश्री अपने कमाल के डांस मूव्स के जरिए हर किसी के एंटरटेन कर रही हैं। लेकिन इस बीच उनको लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है।झलक दिखला जा 11 में अपने डांस से हर किसी को दीवाना बनाने वालीं क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा को लेकर इस वक्त की



बड़ी खबर सामने आ रही है। 11 के ग्रैंड फिनाले से पहले ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है कि उनके परिवार के एक खास सदस्य ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है।सोशल मीडिया पर चहल की वाइफ ने परिवार के एक करीबी सदस्य के निधन की जानकारी दी है। जिसके चलते धनश्री वर्मा पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आइए जानते है कि उनकी फैमिली के इस मेंबर ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। शुक्रवार को धनश्री ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट फोटो शेयर किया ।

## आर्टिकल 370' का धमाकेदार आगाज बंपर कमाई से खुला खाता

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** फिल्म आर्टिकल 370 को लेकर लंबे समय से चर्चाओं का बाजर गर्म है। काफी इंतजार के बाद डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले के निर्देशन में बनी ये मूवी आज से बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई है।यामी गौतम स्टारर फिल्म आर्टिकल 370 की रिलीज का हर कोई बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा था। 23 फरवरी यानी आज ये फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई है। आर्टिकल 370 को लेकर पॉजिटिव रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही फिल्म के ओपनिंग डे बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़े सामने आ गए हैं।यामी गौतम स्टारर इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी बज देखा जा रहा है, जिसके चलते आर्टिकल 370 को लेकर पॉजिटिव रिव्यू भी सामने आ रहे हैं। इस बीच गौर करें आर्टिकल 370 के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो इस मूवी ओपनिंग डे पर कमाई के मामले में धूम मचा दी है।भारत सरकार द्वारा धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर से धारा 370 हटाने जाने की कहानी को आर्टिकल 370 में दिखाया गया है। इस मूवी में यामी गौतम, शाह रुख खान की जवान मूवी फेम एक्ट्रेस प्रियामणि और हिंदी




सिनेमा के दिग्गज एक्टर अरुण गोविल जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में मौजूद हैं यामी के पति और उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर आदित्य धर ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया। आर्टिकल 370 को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है, जिसके चलते ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने कमाल का प्रदर्शन कर के दिखाया है।एक नजर डाली जाए यामी गौतम की इस फिल्म की पहली दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो सैकनिल्क के अर्ली ट्रेड के अनुसार इस मूवी ने रिलीज के पहले दिन करीब 5.75 करोड़ का कारोबार किया। कम बजट की फिल्म होने के बावजूद आर्टिकल 370 ने शानदार शुरुआत का आगाज किया है।


स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com



नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।